तापमान

अधिकतम 38.4 डिग्री

न्यूनतम 22.3 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 24 अप्रैल 2024




10 प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को दी गई...





12 कम फिजिकल एक्टिविटी और सोशल मीडिया पर ज्यादा...


## JEE व NEET की समर कोर्स व ड्रापर बैच प्रारंभ प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट..(भिलाई)

**भिलाई।** प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट में JEE व NEET की समर क्लासेस 1 मई से प्रारंभ हो रही है। ऐसे छात्र जो अभी 12वीं, 11वीं, 10वीं में प्रवेश लिए है। उनके लिए दो माह का समर कोर्स में दाखिला ले सकते है। इसमें दो माह में प्रत्येक दिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाउट क्लास लिया जाता है। सप्ताह के सातों दिन कक्षा संचालित होती है। प्रत्येक रविवार को टेस्ट होता है। छात्र-छात्राओं के लिए स्टडी मटेरियल, डीपीपी, ड्रेस व बैग छात्र-छात्राओं को प्रदान किया जाता है। समर कोर्स में 10वीं, 11वीं व 12वीं की संपूर्ण स्लेबस देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाता है। ताकि छात्र-छात्राओं को जेईई व नीट की तैयारी में मदद मिले। इसलिए ऐसे छात्र जो डॉक्टर व इंजीनियर बनने का सपना देख रहे उनके लिए समर कोर्स काफी उपयोगी है। क्योंकि दो माह में छात्र-छात्राओं को कोटा के शिक्षकों व देश के प्रतिष्ठित शिक्षकों द्वारा स्लेबस पूरा कराया जाता है। छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष NEET में सबसे

**NEET की द्वितीय ड्रापर बैच 10 मई से प्रारंभ**

अधिक छात्र-छात्राओं का सलेक्शन इस संस्था के द्वारा हुआ था। क्योंकि यहां के शिक्षक सभी आईआईटीयंस व डॉक्टर के साथ काफी अनुभवी होते है जिसका पूरा फायदा छात्र-छात्राओं को होता है। पिछले वर्ष नीट परीक्षा में कुंवर सिंह 720 नंबर में 695 अंक प्राप्त कर पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह अपूर्व 680, अंकित मंडावी 655, ओमप्रकाश 632, आकांक्षा यादव 617, शेता सिंह 612 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है। इसी प्रकार आईआईटी-जेईई की परीक्षाओं में समीर लाडेकर आईआईटी मुंबई, शैलेंद्र साहू आईआईटी पटना, प्रफुल देवांगन आईआईटी B.H.J. में दाखिला हुआ। इसी तरह अनेक छात्र-छात्राओं ने देश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज और आईआईटी व NIT कॉलेज में दाखिल हुआ। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट भिलाई शाखा में लगातार नीट व जेईई में टॉप टेन में परिणाम दे रहा है। जो देश में एक अलग पहचान बनाया है क्योंकि यहां डॉक्टर और आईआईटीयंस के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। यहां हॉस्टल की भी सुविधा है। यहां छात्र-छात्राओं के लिए मोटिवेशन कोर्स होता है, जिसमें कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट देश में ऐसी संस्थान है, जहां स्टार बैच भी है। स्टार बैच में पढ़ने के बावजूद नीट व जेईई में चयन नहीं होने पर 100 प्रतिशत फीस वापसी की गारंटी है। वो भी लिखित दस्तावेज के साथ, भिलाई में हमारी तीन शाखा है। 58 ए मार्केट, प्राईम कैरियर इंस्टीट्यूट सेक्टर-10, 178 व 179 न्यू सिविक सेंटर, तीसरा 262 जोनल मार्केट में संचालित है। छात्र-छात्राएं उपरोक्त पतों पर नामांकन करवा सकते है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करें। मो. नं. 83195-71812 advt


# पीएम मोदी राजभवन में रुके, पीएमओ से आया खाने का मेनू, आज जाएंगे सरगुजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दस साल में पहली बार रायपुर में रात्रि विश्राम करने राजभवन में रुके हैं। मंगलवार को पहले सक्ती और फिर धमतरी में आमसभा हुई। धमतरी की सभा के बाद प्रधानमंत्री हेलीकॉप्टर से रायपुर पहुंचे। यहां आने के बाद वे सड़क मार्ग से विमानतल से सीधे राजभवन पहुंचे। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता होने के कारण उनका राजभवन में किसी भी तरह का स्वागत नहीं किया गया। उन्होंने राजभवन में रात को डिनर में सादा खाना खाया। उनके खाने का मीनू पीएमओ से राजभवन पहुंचा है, जिसमें बताया गया कि पीएम रात के खाने में क्या-क्या खाते हैं। पीएम बुधवार की सुबह यहां से सरगुजा जाएंगे और वहां पर सभा के बाद लौटेंगे। पीएम के साथ अफसरों की एक बड़ी टीम भी रायपुर पहुंची है।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंगलवार को छत्तीसगढ़ में दो सभाएं हुईं। इन सभाओं के बाद यह पहले से तय किया गया ▶▶|शेष पेज 11 पर

### रात को सादा खाना

राजभवन में आने के बाद श्री मोदी अपने कमरे में अकेले ही रहे। उनके रात के खाने के लिए पीएमओ से आए मीनू के मुताबिक ही उनके लिए रात का खाना तैयार किया गया था। श्री मोदी रात के खाने में रोटी, दाल, एक सब्जी, सलाद ही खाते हैं। जानकारी के मुताबिक यही खाना उन्होंने खाया। रात को उनकी राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात हुई। इसके पहले श्री मोदी जिन राज्यों में रात को राजभवन में रुके हैं, वहां पर अकेले रहे हैं और अकेले ही खाना भी खाया है। श्री मोदी सुबह को जल्दी उठकर योग और पूजा पाठ करते हैं। इसके बाद हल्का नाश्ता करते हैं। नाश्ते में क्या-क्या लेते हैं, इसका मीनू भी पीएमओ से आया है। इसी के मुताबिक उनका कल सुबह का नाश्ता भी तैयार होगा। नाश्ते के बाद वे यहां से सरगुजा के लिए रवाना होंगे।

### आज सरगुजा में आमसभा के बाद लौटेंगे



#### आज सरगुजा में सभा

श्री मोदी की बुधवार को सरगुजा में आम सभा होगी। इस सभा के लिए वे यहां से सुबह को सरगुजा रवाना होंगे। सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश के मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, सरगुजा के लोकसभा प्रत्याशी चिंतामणि ▶▶|शेष पेज 11 पर

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजभवन में रुके, आसपास के इलाकों में तगड़ा सुरक्षा घेरा

# काफिला पहुंचने से कुछ मिनट पहले ही मार्ग हुए बंद, इसलिए नहीं लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार के लिए छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार शाम को राजधानी रायपुर पहुंचे। उनके आगमन को लेकर शहर में पहले ही उनकी सुरक्षा के मद्देनजर सारी तैयारियां कर ली गई थीं। प्रधानमंत्री के काफिला के लिए एयरपोर्ट से लेकर राजभवन तक जगह-जगह पुलिस अधिकारियों से लेकर जवानों व ट्रैफिक पुलिस को तैनात किया गया था। इस तैयारी के कारण प्रधानमंत्री के रायपुर आगमन के दौरान शहर में जाम की स्थिति भी निर्मित नहीं हुई। प्रधानमंत्री का काफिला एयरपोर्ट से निकलने के कुछ मिनटों पहले मुख्य मार्गों को बंद किया गया, जिसके कारण लोगों को भी जाम में ज्यादा देर तक फंसना नहीं पड़ा। डीएसपी ट्रैफिक गुरजीत सिंह ने बताया कि काफिला के कारण कहीं भी 15 मिनट से ज्यादा जाम की स्थिति नहीं बनी, क्योंकि सारी तैयारी पहले से कर ली गई थी।





#### इस मार्ग से राजभवन पहुंचा काफिला

प्रधानमंत्री का काफिला एयरपोर्ट से फुंडहर चौक, एक्सप्रेस वे होकर शंकर नगर चौक, भगत सिंह चौक होकर राजभवन पहुंचा। यह काफिला इसी मार्ग से एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा।

### राजभवन के आसपास का इलाका छावनी में तब्दील

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने प्रवास के दौरान एयरपोर्ट से सीधे राजभवन पहुंचे। वे रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। दूसरे दिन बुधवार को सुबह 10 बजे उनका काफिला एयरपोर्ट के लिए रवाना होगा, जहां वे सरगुजा प्रवास के लिए रवाना होंगे। इधर राजभवन में उनके आगमन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने ढाई सौ से ज्यादा पुलिस जवानों की तैनाती की है। इसके साथ सीएसपी, टीआई, राजपत्रित अधिकारी सहित 50 से ज्यादा अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस तरह राजभवन के अंदर से लेकर बाहर तथा आसपास का पूरा इलाका छावनी में तब्दील है।

## पीएम मोदी के निज सचिव हार्दिक सहित 30 अफसरों की टीम पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निज सचिव हार्दिक शाह सहित साथ 30 अफसरों की टीम रायपुर पहुंची गई है। हार्दिक 2010 बैच के गुजरात कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। वे पहले पीएमओ में उप सचिव थे। 2019 में उन्हें प्रधानमंत्री का निज सचिव पदस्थ किया गया। उससे पहले वे केंद्रीय मंत्री अनिल दवे और प्रकाश जावडेक़र के पीएस रह चुके हैं। उनके साथ करीब 30 अफसरों की टीम छत्तीसगढ़ आई है।

- पीएम के लिए स्पेशल लीज लाइन
- छत्तीसगढ़ के राजभवन में वीवीआईपी सुइट के साथ हैं 10 कमरे

बताया जाता है कि प्रधानमंत्री के दौरे में पीएस साथ चलते हैं, साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय की एक बड़ी टीम भी साथ चलती है, जिनमें सुरक्षा अधिकारी, डॉक्टर, कार्यालय सहायक, फोटोग्राफर भी शामिल हैं। टीम में एसपीजी अलग से रहती है। छत्तीसगढ़ के राजभवन में वीवीआईपी सुइट के साथ 10 कमरे हैं। इन कमरों में पीएम मोदी के पीएस समेत सीनियर अफसरों को रुकवाया गया है। शेष सर्किट हाउस में ठहरे हैं।

#### चलता-फिरता पीएमओ

प्रधानमंत्री कहीं भी दौरे पर होते हैं, उनके साथ चलता-फिरता प्रधानमंत्री कार्यालय होता है। जहां रुकते हैं वहां और सभा स्थल के पास भी। सभा स्थल पर मंच के ठीक पीछे पंडाल बनाया जाता है, जो सीधे हॉट लाइन से पीएमओ से जुड़ा होता है। प्रधानमंत्री अगर किसी विदेशी नेता या राष्ट्र प्रमुख से बात करना चाहें या उधर से कोई फोन आए तो प्रधानमंत्री से बात करने के लिए इंटरनेशनल कॉल की सुविधा कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध होती है, इसके लिए एक्सक्लूजिव लीज लाइन खींची जाती है। एनआईसी और बीएसएनएल के एक्सपर्ट अधिकारियों की ड्यूटी इसमें लगाई जाती है, ताकि प्रधानमंत्री को कहीं बात करनी हो, तो तुरंत उन्हें कनेक्ट किया जा सके। पीएमओ से इस अस्थाई पीएमओ में लगातार प्वाइंट आते रहते हैं। पीएमओ से सारे निर्देश अस्थायी पीएमओ में अफसरों को मिलते रहते हैं।

#### खानसामा नहीं

पहले प्रधानमंत्री निवास का खानसामा भी मीनू के साथ आता था, मगर नरेंद्र मोदी ने इसे बंद करा दिया है। मीनू जरूर पीएमओ से आता है, मगर उनका खाना इतना सादा और साधारण होता है कि उसके लिए खानसामा की जरूरत नहीं पड़ती। रोटी, दाल, चावल, सब्जी और छाछ कोई भी खानसामा बना देता है। रायपुर राजभवन का खानसामा ही प्रधानमंत्री का भोजन बना रहा है। पीएमओ की टीम खाने की जांच अवश्य करती है।

### खबर संक्षेप

#### फर्जी आईडी-डीपी लगाकर कंपनी से धोखा, गिरफ्तार

**रायपुर।** वाट्स एप पर फर्जी आईडी व डीपी बनाकर कंपनी से धोखाधड़ी कर उसकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने वाले आरोपी को सिविल लाइंस पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी हिमांशु श्रीवास्तव निवासी सरोना ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह एसीबी इंडिया प्रा. लिमि. कंपनी में कार्य करता है, मोबाइल धारक कंपनी के डॉयरेक्टर रुद्रसेन सिंधु की डीपी व फर्जी आईडी बनाकर कंपनी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने छानबीन की तो पता चला कि आरोपी का नाम अनंत कुमार सिंह निवासी चिराचास जिला बोकारो झारखंड का रहने वाला है। इसके बाद पुलिस टीम को झारखंड के लिए रवाना किया, जहां उसे गिरफ्तार कर रायपुर लाया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 419, 420 भादवि 66(सी) 66(डी) आई.टी. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।



#### युवक पर किया हमला तीन आरोपियों पर केस

**रायपुर।** पंडरी शराब दुकान के पास 22 अप्रैल की शाम को एक युवक पर तीन लोगों ने विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर किसी चीज से उस पर हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। प्रार्थी राजू खेलवार ने इसकी रिपोर्ट देवेंद्र नगर थाने में दर्ज कराई है।

## रेलवे का सुस्त सिस्टम यात्रियों को कर रहा गुमराह 30 ट्रेनों का बदला रास्ता

- ऑनलाइन टिकट बुकिंग के दौरान यात्रियों को परिवर्तित मार्ग की नहीं मिल रही जानकारी
- ट्रेनों के कैंसिल होने के बाद भी आईआरसीटीसी की साइट पर रद्द ट्रेनों की बुकिंग

#### ऑनलाइन नहीं मिल रही जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

ट्रेनों के लगातार रद्द होने के बाद अब ट्रेन में यात्रियों का सफर कर पाना मुश्किल हो गया है। इस बीच अब रेलवे का सुस्त सिस्टम यात्रियों को न केवल गुमराह कर रहा है, बल्कि उनकी समस्याओं को और भी बढ़ा रहा है। जिस तारीख में रेलवे ने ट्रेन को रद्द कर दिया है, उसका टिकट आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अब भी उपलब्ध नजर आ रहा है। इसके अलावा रेलवे ने 30 से अधिक ट्रेनों को ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### परिवर्तित मार्ग की नहीं दे रहे जानकारी

आरक्षण केंद्र में टिकट खरीदने पहुंच रहे लोगों को रेलवे कर्मचारी परिवर्तित मार्ग की जानकारी नहीं दे पा रहे हैं।जब हरिभूमि ने पड़ताल की तो पता चला दर्जन से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने बीच में ही समाप्त कर दिया है, लेकिन इसकी भी जानकारी ऑनलाइन टिकट खरीदने के दौरान नहीं मिल रही है। 28 अप्रैल व 5 और 19 मई को गांधीधाम से चलने वाली 20804 गांधीधाम-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। ऑनलाइन में यह जानकारी टिकट खरीदते समय नहीं मिली।

#### आरक्षण केंद्र में पहुंची यात्रियों की शिकायत

मंडल के कई यात्रियों ने रद्द ट्रेन का टिकट ऑनलाइन खरीद लिया था, लेकिन बाद में रेलवे की ओर से टिकट कैंसिल होने की सूचना मिली। इसकी शिकायत यात्रियों ने आरक्षण केंद्र के अधिकारियों से भी की है। ट्रेन रद्द होने के बाद सिस्टम अपडेट होने पर 24 घंटे भी अधिक का समय लग रहा है। रेलवे की अधिकृत आईआरसीटीसी की साइट पर मंगलवार शाम तक 29 अप्रैल के लिए 22648 कोचुवेलि-कोरबा एक्सप्रेस में टिकट की बुकिंग शो कर रहा है, जबकि रेलवे ने 29 अप्रैल को ट्रेन रद्द किया है। इसके ▶▶|शेष पेज 11 पर

## दूर गया सिस्टम, मौजूद नमी से दिनभर बेचैनी वाली गर्मी होती रहेगी छिटपुट वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी समेत बस्तर इलाके में बारिश की वजह बनने वाला सिस्टम छत्तीसगढ़ से दूर मराठवाड़ा चला गया है। मंगलवार को तापमान सामान्य से केवल 2 डिग्री अधिक रहा, मगर उमस वाली बेचैनी ने लोग परेशान रहे। अभी बंगाल की खाड़ी से नमी का आगमन हो रहा है, जिसकी वजह से छिटपुट वर्षा की संभावना बनी हुई है।

- शहर में रात करीब एक सेमी. तक बरसे बादल, पारा 2 डिग्री ज्यादा

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों का कहना है कि अनेक स्थानों पर बारिश की संभावना कम हो चुकी है, जिसकी वजह से तापमान पुनः वृद्धि की ओर अग्रसर होगा। सोम-मंगल ▶▶|शेष पेज 11 पर

#### बढ़ा पारा

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 38.2 | +2 |
| बिलासपुर | 37.6 | +3 |
| पेंड्रा | 38.0 | +3 |
| अंबिकापुर | 37.0 | 0 |
| जगदलपुर | 37.6 | +1 |
| दुर्ग | 36.2 | 0 |

पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान के ऊपर स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका/ हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से दक्षिण केरल तक स्थित है। प्रदेश में कल दिनांक 24 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

## शवों के वारिस खोजने में छूटा जांच टीम का पसीना, 25 दिन बाद भी हाथ खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

आंबेडकर अस्पताल की मरचुरी में रखे तीन शवों की पहचान कर उनका वारिस खोजने के लिए गठित जांच कमेटी का पसीना छूटने लगा है। गठन के 25 दिन बीतने और तीन बैठके होने के बाद भी इनके हाथ अब तक कोई सबूत नहीं लग पाया है। कमेटी को जांच कर रिपोर्ट शासन को सौंपने के लिए दस दिन का वक्त तय किया गया था।

अंतिम संस्कार के इंतजार में पिछले तीन साल से रखी तीन लाशों की पहचान करने 29 मार्च को शासन की ओर से भारी-भरकम टीम का गठन किया गया था। इसमें स्वास्थ्य संचालनालय, चिकित्सा शिक्षा के साथ जिला स्तर के अफसर और डीके अस्पताल के विशेषज्ञों को शामिल किया गया था। कमेटी गठन के दौरान निर्देशित किया गया था कि दस दिन के भीतर रिपोर्ट तैयार कर शासन को प्रेषित किया जाए कि इलाज से लेकर मौत और इतना वक्त बीतने के बाद भी उनका अंतिम संस्कार क्यों नहीं हो सका। पहली बैठक के दौरान कमेटी ने अस्पतालों से दस्तावेज मांगे थे, जिसे दूसरी बैठक में भी दोहराया गया था। कमेटी की तीसरी बैठक भी हो चुकी है, मगर जांच के लिए अब तक उन्हें किसी तरह का दस्तावेज नहीं मिल पाया, इसलिए वे अब तक किसी तरह के नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। टीम में शामिल एक सदस्य का कहना है कि ▶▶|शेष पेज 11 पर

### तीन बैठकें हो चुकीं, मगर अब तक नहीं मिला सबूत

- शासन को रिपोर्ट सौंपने दी गई थी दस दिन की मोहलत



#### जांच रिपोर्ट से तय होगा अंतिम संस्कार

तीनों शवों का अंतिम संस्कार जांच कमेटी द्वारा सौंपे जाने वाली रिपोर्ट पर ही तय होगी। पहचान होने पर परिजनों की तलाश कर उनकी सहमति ली जाएगी। कोशिशों के बाद भी अगर परिजन नहीं मिलते हैं, तब जिला प्रशासन अपने स्तर पर निर्णय लेकर जर्जर अवस्था में आ चुके इन तीनों शवों का अंतिम संस्कार करेगा।

#### महामारी की आपाधापी

कमेटी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शवों का अंतिम संस्कार नहीं होने की वजह कहीं ना कहीं महामारी के दौरान कोविड से जान गंवानों वालों की संख्या अधिक होना था। जिला प्रशासन निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत शवों का क्रियाकर्म कर रहा था, इस दौरान अंतिम संस्कार के लिए भी परिजनों को प्रतीक्षा करना पड़ रहा था, माना जा रहा है कि इस आपाधापी में शव छूट गए और फिर इस पर नजर ही नहीं पड़ी।

## सोने-चांदी की कीमत अब रिवर्स गियर में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सोने और चांदी की कीमत का आसमान से अब जमीन पर आने का क्रम प्रारंभ हो गया है। सोना इस सप्ताह के पहले दो दिनों में 1550 रुपए प्रति 10 ग्राम एवं चांदी 2300 प्रति किलोग्राम कम हुई है। अब कीमत के आगे कम ज्यादा होते रहने की संभावना है। पिछले एक माह से कीमत में लगातार इजाफा हो रहा था, लेकिन अब इस पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। बीते सप्ताह शनिवार को जब बाजार बंद हुआ था तब सोने की कीमत 75800 रुपए जीएसटी के साथ थी, जो अब मंगलवार को कम होकर 74250 रुपए हो गई है। इसी तरह से चांदी की कीमत शनिवार को 85400 रुपए किलो थी, जो अब 83100 रुपए हो गई है। रायपुर ▶▶|शेष पेज 11 पर




### पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# पीएम मोदी के राजभवन में रुकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ के राजभवन में रुकने पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में शिकायत की है। पीएम मोदी का रात्रि विश्राम राजभवन में प्रस्तावित है, इस पर कांग्रेस का कहना है कि राज्य के संवैधानिक प्रमुख राज्यपाल का निवास स्थान है। कांग्रेस ने कहा, राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर पीएम मोदी का रात्रि विश्राम करना सीधे-सीधे पूरे राज्य के मतदाताओं को और पूरी सरकारी मशीनरी को प्रभावित करेगा। निष्पक्ष चुनाव की परिस्थितियों को दूषित करेगा। कांग्रेस ने शिकायत पत्र पर कहा है कि प्रधानमंत्री के विशेषाधिकार प्रजातंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की मूलभूत बातों से ऊपर नहीं है। यदि प्रधानमंत्री की सुरक्षा के नाम पर वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के शासकीय निवास राजभवन में रुकते हैं, तो इससे पूरे छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। आखिर राज्यपाल ही तो निर्वाचन कार्य में लगी हुई पूरी कार्यपालिका के प्रमुख हैं। इससे चुनावी कार्य में लगे सारे सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों की निष्पक्षता प्रभावित होगी और चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित किया जायेगा। आयोग को शिकायत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस विधि विभाग अध्यक्ष देवा देवांगन, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, वार रूम उपाध्यक्ष प्रवीण साहू, मीडिया कोऑर्डिनेटर परवेज अहमद, राम शंकर सोनकर उपस्थित थे।

## चुनाव का वातावरण सत्ताधारी दल के पक्ष में प्रदूषित करने की आशंका- कांग्रेस

### चुनाव को प्रभावित करने भाजपा की चाल

कांग्रेस ने आरोप लगाते हुए कहा, निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करने की भाजपा की चाल है, जिसका हम विरोध करते हैं। साथ ही मांग करते हैं कि निर्वाचन आयोग प्रधानमंत्री के रात्रि विश्राम के लिए उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप राजभवन की जगह किसी और उपयुक्त और विधि विधान के अनुरूप स्थान में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के लिए शासन को निर्देशित करे। यह निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। निर्वाचन आयोग इस संबंध में तत्काल सर्वोच्च प्राथमिकता से निर्णय लेकर कार्यवाही करे यह निर्वाचन की निष्पक्षता के हित में होगा।



### राजनैतिक व्यक्ति या चुनाव से जुड़े अफसर न करें मुलाकात

कांग्रेस ने मांग की है कि पीएम नरेन्द्र मोदी के प्रवास के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से पीएम मोदी के विश्राम के लिए निर्धारित शासकीय परिसर में किसी भी राजनैतिक या चुनाव कार्य से जुड़े शासकीय व्यक्ति से प्रधानमंत्री मुलाकात न करें, इसे भी निर्वाचन आयोग को सुनिश्चित करना चाहिए।

### आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

कांग्रेस का कहना कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता है और वे राज्य के संवैधानिक प्रमुख के निवास पर रुकते हैं, तो इससे पूरे राज्य के चुनावों की निष्पक्षता प्रभावित होगी। यदि ऐसा होता है, तो राज्य से भाजपा के एक भी लोकसभा सदस्य के निर्वाचित होने की स्थिति में मैं उसके निर्वाचन को चुनौती देने और न्यायहित में अदालत की शरण में जाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखता हूं।

## खबर संक्षेप

### मोदी ने छत्तीसगढ़ से किया भेदभाव, किस नैतिकता से मांग रहे वोट

रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनावी भाषण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष



दीपक बैज ने कहा, किस नैतिकता से मोदी छत्तीसगढ़ की जनता से वोट मांगने आये हैं। पांच वर्षों तक दलीय दुर्भावना के कारण मोदी ने छत्तीसगढ़ के साथ अन्याय किया था। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के किसानों को धान की एकमुश्त कीमत नहीं देने दिया। राज्य के चावल को लेने के लिये तीन-तीन बार मना किया। हर साल सेन्ट्रल पूल का कोटा घटाते थे, किसानों के उर्वरक का कोटा मोदी सरकार ने घटा दिया था। प्रधानमंत्री आवास के 18 लाख आवास को मोदी सरकार ने स्वीकृति नहीं दी है। राज्य में केन्द्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के बदले मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ से 11 हजार करोड़ वसूला था।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता रैली



रायपुर। जोन-9 के अधिकारियों ने महिला स्वसहायता समूहों, रहवासी क्षेत्र के नागरिकों के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर प्रतिभागियों ने 7 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मताधिकार का उपयोग करने सामूहिक शपथ ली। राजधानी में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने जोन-9 के जोन कमिश्नर संतोष पांडे के नेतृत्व में मंगलवार को स्वीप अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, नागेश्वर रामटेके, सहायक अभियंता अंशुल शर्मा आदि शामिल रहे।

## पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह पर मोदी की टिप्पणी को लेकर सियासत

# रंजन बोलीं- देश के पीएम मोदी झूठ बोल रहे, सोनी ने कहा- कांग्रेस मोदी पर लगा रही अनर्गल आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन ने कहा, बहुत दुखद है, प्रधानमंत्री जो भारतीय जुमला पार्टी के हैं, पूरे देश के प्रधानमंत्री हैं। पहले राजस्थान फिर अलीगढ़ में झूठ बोला अब छत्तीसगढ़ में रात रुकने वाले हैं, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह भी रुक चुके हैं। सत्ताधारी लोग घबराये हुये हैं। आज तक के इतिहास में कोई प्रधानमंत्री के बारे में इतनी ओछी और घटिया टिप्पणी नहीं की थी। प्रधानमंत्री की गरिमा को उस तरह से देखा नहीं कि एक प्रधानमंत्री के पद पर रहते हुये दूसरे प्रधानमंत्री जिनका पूरा वर्ल्ड लोहा मांनता था के बारे में स्तरहीन टिप्पणी करें। भाजपा सांसद सुनील सोनी ने पलटवार करते हुए कहा, कांग्रेस मुद्दा विहीन है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी पर अनर्गल आरोप लगा रही है।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में रंजीत रंजन ने कहा, 2008 में पूरा वर्ल्ड में आर्थिक मंदी के दौर से गुजरी रहा था, उस समय पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह थे, जिन्होंने देश को बचाने का काम किया था। आज देश का प्रधानमंत्री झूठ बोल रहा है, उनके बारे में इससे ओछी हरकत आज से पहले हमारे देश के किसी प्रधानमंत्री ने नहीं की है। प्रधानमंत्री की गरिमा की रक्षा करनी चाहिये और इस तरह के झूठे और इस तरह की ओछी बातें पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में नहीं कहनी चाहिये।




### 10 साल का रिपोर्ट कार्ड पेश करें

रंजीत रंजन ने कहा, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन चाहती है, प्रधानमंत्री 2014 से 2024 तक 10 सालों का रिपोर्ट कार्ड लेकर आयें। हम कांग्रेस के 55 अपने सालों का रिपोर्ट का कार्ड लेकर चल रहे हैं। युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरी क्यों नहीं दे पाये? भारतीय जुमला पार्टी में महंगाई पर बात क्यों नहीं करते? नोटबंदी के बारे में चर्चा क्यों नहीं करते? आज गैस सिलेंडर 1000 रुपए मिल रहा है। छत्तीसगढ़ में 4 महीने राज्य में सरकार चलाते हो गये। 500 रुपए में गैस सिलेंडर क्यों नहीं दिया। एक किस्त में 3100 रुपए देने की बात कहकर आए थे, आज दो-दो किस्तो में देना पड़ रहा है।

### कांग्रेस की पांच गारंटी

कांग्रेस पार्टी पांच गारंटी लेकर आयी है। युवा न्याय, महिला न्याय, किसान न्याय, मजदूर न्याय और हिस्सेदारी न्याय यह कांग्रेस की गारंटी है। राजस्थान में कांग्रेस पार्टी 25 लाख का हेल्थ इंश्योरेंस दिया और पूरे देश में 25 लाख रुपए हेल्थ इंश्योरेंस देने का वादा किया। केन्द्र में कांग्रेस की सरकार आयेगी तो वो पहले साल में जो पहला काम होगा युवाओं को 30 लाख नौकरी देंगे और उसमें भी 50 प्रतिशत महिलाओं के लिये रिजर्वेशन रहेगा। महंगाई चरम पर है कांग्रेस महिला न्याय गारंटी के माध्यम से हर साल 1 लाख रुपए महिलाओं को देगी। मनरेगा की मजदूरी 400 रुपए करेगी।

### चल रही तानाशाही

उन्होंने कहा, भारत में तानाशाही चल रही। गुजरात में चार-चार प्रस्तावक को यह कह दिया कि एक दिन पहले उनके साइन नहीं करके और निर्विरोध एक सांसद वहां चुन लिया गया। चुनाव के इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ है। किस तरह की तानाशाही हो रही है उसे लोकतंत्र देख रहा है।

### कांग्रेसी नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं- सोनी

कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य रंजीत रंजन के बयान पर पटलवार करते हुए भाजपा के रायपुर सांसद सुनील ने कहा, कांग्रेसी हमेशा से देश को लूटकर अपनी तिजोरियों को भरने के काम में लगे हुए हैं। कांग्रेस अपनी छत्तीसगढ़ और पूरे देश में हो रही हार से बौखला गई है। यही वजह है कि कांग्रेस के नेता मानसिक संतुलन खोकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अनर्गल टिप्पणी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के राज भवन में रुकने को लेकर आपत्ति को हास्यास्पद बताते हुए कहा, प्रधानमंत्री के राजभवन में रुकने पर कांग्रेसियों के पेट में दर्द हो रहा है। तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस के पास आज कोई विजन नहीं है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी को तानाशाह कहने वाली कांग्रेस अपनी हार से डरी हुई है।

# प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों को दी गई चुनाव से जुड़ी जानकारी

## कलेक्टर ने स्टैंडिंग कमेटी व अभ्यर्थियों राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव के लिए रायपुर लोकसभा क्षेत्र में अभ्यर्थियों के नामांकन मान्य होने के बाद अंतिम सूची जारी कर दी गई है। इन सभी अभ्यर्थियों और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के साथ प्रतिनिधियों को चुनाव से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं।

कलेक्टर कार्यालय स्थित सभाकक्ष में मंगलवार को चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए प्रेक्षकों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने स्टैंडिंग कमेटी व अभ्यर्थियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसमें निर्वाचन प्रेक्षक, पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह सहित निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थी और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अभ्यर्थियों एवं राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से कहा कि वे चुनाव प्रचार के दौरान कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन होता हो। उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो वह सी-विजिल एप में उसकी शिकायत कर सकता है या लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर या जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर सकता है।



## खबर संक्षेप



### चंदखुरी में कांग्रेसियों ने थामा भाजपा का दामन

**आरंग।** लोकसभा चुनाव के मतदान के पूर्व आरंग विधानसभा क्षेत्र के कई कांग्रेसियो ने सोमवार को चंदखुरी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के समक्ष बीजेपी का दामन थाम लिया है। जिसमें आरंग नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व सोसायटी अध्यक्ष लल्ला साहनी, आरंग कृषि उपज मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष देवनाथ साहू, ग्राम बैहार के पूर्व सरपंच निर्मला साहू, ग्राम तोडगांव के सरपंच संतोष कुमार बासवार, ग्राम कुटेशर के सरपंच कामनी लक्ष्मण यादव, साहनी समाज आरंग के अध्यक्ष बजरंग साहनी, गोविन्द साहनी, गोपी साहनी, महेश बावने, शिव साहनी, खिलेन्द्र राजपूत, नरेंद्र साहनी व अन्य लोग कांग्रेस छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

### स्काउट गाइड ने राहगीरों को पिलाया आम पना



**आरंग।** मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉक्टर सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के निर्देशानुसार विकासखंड आरंग शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंदिर हसौद रानी दुर्गावती गाइड कम्पनी द्वारा प्रभारी गाइडर अपर्णा तिवारी के नेतृत्व में बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों की प्यास बुझाने हेतु ठंडा आम पना पिलाया गया।

## हनुमान जन्मोत्सव : ऐतिहासिक हनुमान मंदिर की है गजब महिमा

# अंचल में हनुमान जन्मोत्सव की रही धूम शिव मंदिर से निकाली गई आकर्षक झांकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

मंगलवार को अंचल में मंगल करता भगवान हनुमान जी महाराज की जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। हनुमान जन्मोत्सव में धरसींवा, चरौदा, परसतराई, नगरपंचायत कुरा सहित अंचल के हनुमान मंदिर पर हनुमान जी का बहुत ही आकर्षक सिंगार किया गया और वहां पर भी भंडारे में काफी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। वहीं इस अवसर पर जगह- जगह सुंदरकांड, हनुमान चालीसा एवं यज्ञ कर धूमधाम से हनुमान जी का जन्म महोत्सव मनाया गया। वहीं शिव मंदिर चरौदा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान हनुमान की विशेष झांकी निकाली गई।

वहीं बिलासपुर रायपुर नेशनल हाइवे पर धरसींवा में स्थित प्राचीनत्तम श्री हनुमान जी मंदिर का अपना अलग ही इतिहास है। जैसा कि स्थानीय लोग बताते हैं अंग्रेजों के शासन काल के समय, धरसींवा से 4 किलोमीटर दूर कोल्हान नाला के पास एक दुर्घटना हुई थी तब धरसीवा थाना के प्रभारी सुबेदार सोनूलाल मिश्रा व हवलदार सत्यनारायण तिवारी दोनो मुआयना व जांच करने घोड़ा से नाला के पास पहुंचे। पहले थानों मे घोड़ों से आना- जाना होता था।

घोड़े को चारा चरने के लिये छोड़कर दोनों पुलिस अधिकारी दुर्घटना की जांच में लग गए और जब जांच पूरी कर वापसी आने के लिए घोड़ा के पास गये, तो घोड़ा अडने लगा, और जोर-जोर से हिनहिनाने लगा। घोड़े के इस हरकत पर पुलिस अधिकारियों को कुछ शंका हुई क्योंकि अब के जैसे आधुनिकता नहीं थी बेजुबान जानवर बहुत कुछ कह जाते हैं यह पुलिस वाले भी मानकर आसपास के एरिया पर नजर डालना शुरु किया तो सामने झाडियों में श्री हनुमान जी की एक प्रतिमा पड़ी हुई थी। जो काफी वर्षों से रहा होगा। ऐसा पुराने लोग बताते हैं। अधिकारियों ने उसी घोड़े में हनुमान जी को बिठाकर धरसींवा थाने ले आए, और थाने के सामने नीम पेड़ के नीचे प्रतिमा को रख दिए, कुछ समय व्यतीत होने के बाद छोटा सा मंदिर बनवा कर, हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा विधि विधान से करवा कर प्रतिस्थापित कर दिया गया। समय के साथ-साथ मंदिर का विस्तार भी हुआ। बाद में माँ भगवती दुर्गा एवं शिवजी की प्रतिमा भी प्रतिस्थापित की गई। अब धर्म और आस्था का एक बड़ा केन्द्र यह मंदिर बन चुका है। राह पर चलने वाले हर लोग यहां शीश झुकाकर चलते हैं।



### 75 वर्षो से है आस्था का केंद्र

*लगभग 75 वर्ष से भक्तों के द्वारा मंगलवार व शनिवार को श्रृंगार वंदन लगाया जाता है, जिसके कारण हनुमान जी का चेहरा व शरीर लगभग बराबर हो गया था। हनुमानजी का वास्तविक स्वरुप किसी ने नहीं देखा था। एक भक्त के मन में यह विचार बार-बार आता था, अपने गुरुजन की आज्ञा से भगवान श्रृंगार का उद्देश्य लेकर मंदिर के पुजारी के साथ लकड़ी का औजार बनाकर, इसके वंदन को धीरे-धीरे करके निकाला गया जो काफी कोर एवं पत्थर सा बन गया था। सफाई और श्रृंगार का काम जिस दिन पूर्ण हुआ उस दिन श्री भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का शुभमुहूत था। बाद में हनुमान जी के चेहरे और मुंह को चांदी अर्क कर स्वरूप दिया गया, पश्चात जो आकृति उभर कर आयी आज उसी मुर्तरूप में हनुमान जी विराजे है।आस-पास के लोगों की आस्था इस मंदिर पर बहुत है, अपने शुभ कामों की शुरूआत वे हनुमान जी के दर्शन से करते हैं, यहां पर श्री हनुमान जी का जन्म उत्सव काफी धूमधाम से मनाया जाता है। समय के साथ- साथ यह सिद्ध हनुमान शक्तिपीठमंदिर रूप मे प्रसिद्ध हो गया है। चूंकि मंदिर बिलासपुर रायपुर हाइवे पर स्थित है। इसलिए यहां काफी संख्या में बाहर के लोग दर्शन के लिए आते हैं।*

### हनुमान जी को लगाया गया 56 भोग

*धरसींवा बस स्टैंड के हनुमान जी से लेकर शिव मंदिर चरौदा हनुमान जी और जनपद पंचायत प्रांगण हनुमान जी से लेकर संकट मोचन हनुमान, सभी मंदिरों में भक्त अपने भगवान के दर्शन करने के लिए उमड़ते दिखे। इस दौरान बजरंगबली का कहीं 108 दिव्य औषधियों से अभिषेक किया गया, तो कहीं पंचामृत अभिषेक किया गया। साथ ही मंदिरों में हनुमानजी को 56 भोग भी लगाए गए। वर्षों बाद भगवान हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार के दिन रहा। साथ ही गजलक्ष्मी योग का संयोग भी बना। वहीं दोपहर में भक्तों की ओर से सामूहिक संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। वहीं शाम को विशेष झांकी सजाते हुए शिव मंदिर चरौदा से विशेष झांकी निकाला गया।*



### अंचल में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

**तरपोंगी।** अंचल में हनुमान जन्मोत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। सभी हनुमान मंदिरों में पूजा -अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर तरपोंगी में रामायण समिति द्वारा रामायण मानस गान का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय एवं अन्य ग्रामों से आए मानस मंडलियों ने भाग लिया।

### कपिश्रेष्ठ हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार व मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा

**आरंग।** ब्राह्मण समाज युवा प्रकोष्ठ आरंग के तत्वाधान में नगर के परशुराम चौक के समीप स्थित कपिश्रेष्ठ हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार व मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पंडित तिलक शर्मा, राजपुरोहित प्रतिनिधि अविनाश शर्मा, सोमेश चौबे, प्रकाश शर्मा, प्रांजल शर्मा, प्रसन्न शर्मा, प्रखर शर्मा, जयंत शर्मा, अजीत शर्मा, सौम्य शर्मा, वेदांत शर्मा, रिशु शर्मा के साथ-साथ मोहल्ले के कमलेश साहू, निखिल साहू, प्रवीण साहू, चमरू साहू, नवल किशोर साहू उपस्थित थे।



### हनुमान चालीसा पाठ व प्रसादी का किया वितरण

**मंदिर हसौद।** राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद में स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ कर साथ ही प्रसादी वितरण किया गया।



## हेमंत को निज निवास तक छोड़कर दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वाधान में संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर से प्रशिक्षण प्राप्त कर अग्निवीर (थलसेना) में आर्टिलरी के लिए चयनित अभ्यर्थी हेमंत कुमार पाल छोटे उरला अभनपुर का प्रशिक्षण ग्राउंड में विदाई समारोह आयोजित कर स्मृति चिन्ह श्रीफल एवं साल तथा पुष्प कुछ भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य कामना करते बाजे गाजे के साथ बाईक रैली करते हुए प्रशिक्षण ग्राउंड से उनके निज निवास छोड़कर विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षक नायक योगेश कुमार साहू, नायक कमलनारायण मिश्रा, नायक यश्वनी साहू, हवलदार ईश्वरीलाल गायकवाड, हेमंत कुमार साहू शिक्षक, नवीन भारती, संतोष रेड्डी असिस्टेंट कमांडेंट सीआरपीएफ, संतोष कुमार साहू वाणिज्य अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर हरेंद्र त्रिपाठी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ तथा समस्त प्रशिक्षणार्थियों ने थलसेना में चयन होने के लिए बधाई दिया। हेमंत कुमार पाल 23 अप्रैल को प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आर्टिलरी सेंटर हैदराबाद प्रस्थान किया।

## लक्ष्मी विहार कॉलोनी में मनाई हनुमान जयंती



**आरंग।** मंगलवार को लक्ष्मी विहार कॉलोनी के परमेश्वर महादेव मंदिर परिसर में धनेश अमरीका सीमा निषाद व कॉलोनीवासियो के सौजन्य से धुमधाम से श्रीराम भक्त शिरोमणि हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव मनाया गया। इस पावन अवसर पर भगवान रुद्र के ग्यारहवां अवतार हनुमान जी का विधिवत पूजन किया गया।

भगवताचार्य पं. छत्रधर दीवान, दीपक साहू, सत्यम दीवान, अमर लोधी, सन्नी देवदास व ग्रुप द्वारा हनुमान चालीसा व हनुमानाष्टक का संगीतमय पाठ किया गया। वातावरण पूरा राममय व हनुमानमय हो गया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा : सतपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

उत्तराखंड कैबिनेट मंत्री एवं आध्यात्मिक गुरु सतपाल जी महाराज ने अभनपुर विधानसभा के ग्राम खोरपा में पहुंचकर चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल के समर्थन में मांगे वोट। सतपाल जी महाराज ने सभा को संबोधित करते कहा कि केंद्र के मोदी सरकार की अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं। मोदी गांव गरीब की सरकार है। मोदी जी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक सशक्त और मजबूत नेता के रूप में मोदी का वर्चस्व कायम है। सैकड़ो वर्षो से देश में व्याप्त गलत नीतियों को मोदी सरकार ने हटाने का काम किया। जिसमें धारा 370, तीन तलाक जैसे कानून शामिल है अयोध्या में प्रभु राम जी का मंदिर स्थापना हिंदुत्व राष्ट्र की कल्पना एवं राष्ट्रवाद पर आधारित है। कोरोना जैसे भीषण महामारी के दौर में भी मां भारती के वीर सपूत नरेंद्र मोदी ने पूरे देश के लोगो को सुरक्षित करने का कार्य किया है । देश में दवाई एवं टीका का निर्माण कर अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत की एक नई पहचान रखा।

कैबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने पैर छूकर सतपाल जी महाराज से आशीर्वाद लिया। बृजमोहन अग्रवाल ने कहा रायपुर लोकसभा से जनता ने आशीर्वाद दिया तो क्षेत्र सहित छत्तीसगढ़ की समुचित विकास गारंटी है।





### साय की सरकार ने अविश्वसनीय कार्य किया

किसान और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में मोदी जी एवं विष्णु देव साय की सरकार ने अविश्वसनीय कार्य किया है। वहीं विधायक इंद्र कुमार साहू ने अभनपुर विधानसभा से भारी वोटो से जीत दिलाने आश्वसत किया। इस दौरान पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक बजाज, संतोष शुक्ला, किशन शर्मा, दिलीप अग्रवाल, पारसमणी साहू, अनिल अग्रवाल, संगीता शर्मा, नेहरू लाल साहू, माधो प्रसाद मिरी, सूरज साहू, भेखराम साहू, बिहारी साहू, खेलूराम साहू, रेखा बघेल, रामसिंग साहू, देवकी साहू, अनिल साहू, अर्जुन धीवर, हरीश वर्मा, रवि वर्मा, संध्या नामदेव, अंबिका कोसले, प्रकाश नामदेव, जामबाई साहू, पूर्णिमा साहू, हुलास साहू सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष...

### पीएम मोदी राजभवन...

था कि श्री मोदी रायपुर आकर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। यह पहला मौका है जब श्री मोदी छत्तीसगढ़ में रात गुजार रहे हैं। इसके पहले कभी अपने दस साल के कार्यकाल में वे रात को छत्तीसगढ़ में नहीं रुके हैं।

### आज सरगुजा में...

महाराज, सरगुजा लोकसभा में आने वाली विधानसभाओं के सभी भाजपा विधायक और सरगुजा में रहने वाले प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### शवों के वारिस खोजने...

अस्पतालों के पास मरीजों से संबंधित किसी तरह के दस्तावेज नहीं हैं, जिसकी वजह से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कोविड संक्रमण के दौरान आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था अथवा मृत अवस्था में मरचुरी तक लाया गया था।

### दूर गया सिस्टम, मौजूद...

की दरम्यानी रात राजधानी में रुक-रुककर बारिश होती रही और सुबह तक आंकड़ा एक सेमी. के करीब पहुंच गया। माना में करीब डेढ़ सेमी. वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बस्तर के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई। राज्य में वर्षा की वजह से पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दक्षिण बस्तर के ऊपर बनी द्रोणिका थी जो दूर जा चुकी है और अब एक-दो क्षेत्रों में बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश होने के आसार हैं।

### रेलवे का सुस्त सिस्टम...

परिर्वतित मार्ग से चलाने का फैसला लिया है, लेकिन यह सिस्टम में अपडेट नहीं हुआ है। रिजर्वेशन काउंटर के अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में इसकी शिकायत की है। आमतौर पर ट्रेन के कैंसिल होते ही वेबसाइट को अपडेट कर दिया जाता है, जिसकी जानकारी बुकिंग के दौरान यात्रियों को मिल जाती है, लेकिन वर्तमान में 24 घंटे के बाद भी वेबसाइट पर ट्रेन रद्द की बुकिंग बंद नहीं हो रही है।

### आरक्षण केंद्र में पहुंची...

अलावा 28 अप्रैल, 09, 15 एवं 21 मई, 2024 को 20806 नई दिल्ली-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। बुकिंग में यह जानकारी नहीं मिल रही। जिन यात्रियों ने तीन माह पहले कन्फर्म टिकट बुक किया था, वह यात्री अब आरक्षण काउंटर पहुंचकर ट्रेन के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

### सोने-चांदी की कीमत...

सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, भाव कम होने का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता का जो वातावरण है, उसका कम होना है।

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती नीति पाण्डेय उम्र 40 वर्ष पति - आनंद कुमार पाण्डेय निवासी - के. एच. 7 स्ट्रीट नं. -6 श्रीरामनगर, रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :-
1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मैं पूर्व विवाहित हूँ तथा मेरे पूर्व वैवाहिक जीवन से दो संताने हैं, जो क्रमशः निशित शर्मा उम्र-12 वर्ष एवं श्लोक शर्मा उम्र - 10 वर्ष हैं।
3. यह कि, मेरे पूर्व विवाहित पति निलेश शर्मा का कोरोना काल के दौरान कोरोना बीमारी से मृत्यु हो चुकी हैं। मेरे पूर्व पति के मृत्यु पश्चात बच्चो के भविष्य को देखते हुए मेरे द्वारा पुर्नविवाह दिनांक-18-04-2024 को आर्य समाज मंदिर मरही माता मंदिर मौदहापारा, रायपुर छ0ग0 में वैदिक रीति रिवाजो के अनुसार श्री आनंद कुमार पाण्डेय पिता श्री ठाकुर पाण्डेय निवासी- ओल्ड सुभाष कालोनी, थाना मानगो तहसील गोलपुरी, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड के साथ विवाह सम्पन्न की हूँ।
4. यह कि, विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती नीति पाण्डेय पति आनंद कुमार पाण्डेय हो गया हैं तथा मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जा रहा है। मैं अपने बच्चो का नाम 1 - निशित पाण्डेय पिता आनंद कुमार पाण्डेय 2 - श्लोक पाण्डेय पिता श्री आनंद कुमार पाण्डेय परिवर्तित कराना चाहती हूँ, ताकि मेरे बच्चो के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजो एवं उनके आधार कार्ड तथा मेरे बच्चो के दाखिल खारिज रजिस्टर एवं स्कूली दस्तावेजों में उनका नाम परिवर्तित कर वास्तविक नाम 1-निशित पाण्डेय पिता आनंद कुमार पाण्डेय, 2- श्लोक पाण्डेय पिता श्री आनंद कुमार पाण्डेय दर्ज किया जा सकें। अतः मैं अपने उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में उल्लेखित समस्त कथन मेरी स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को मुकाम रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।
रायपुर छ.ग.
दिनांक-19.04.2024

सत्यापनकर्ता

**नाम त्रुटिसुधार हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि:-

मैं आर्मी में नायक के पद पर कार्यरत था तथा मेरे आर्मी के सभी दस्तावेजों में मेरा नाम ठाकुर पवन कुमार सिंह (THAKUR PAWAN KUMAR SINGH ) दर्ज है, तथा मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम- पवन सिंह (PAWAN SINGH) दर्ज है। मुझे मेरे आर्मी के संपूर्ण दस्तावेजों में मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पेन कार्ड के अनुसार सही व सत्य नाम पवन सिंह (PAWAN SINGH) दर्ज करवाना चाहता हूं। इस संबंध में विभाग की जो नियम व शर्ते होगी मुझे मान्य है ।

अतः मेरे आर्मी के संपूर्ण दस्तावेजों में मेरा वास्तविक एवं सही नाम पवन सिंह (PAWAN SINGH) मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत है ।

दिनांकः 22.04.2024

भवदीय
पवन सिंह
मो.नं.- 9024799198

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508133

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"Education makes future better"
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
(Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Highlight
• Spoken English & Personality Development Classes
• Transport & Surveillance Facility • Monthly Seminar & Discussion • Personal attention on each students
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.) Contact:- 07771-4000123
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio, Arts)
Special Discount on ADMISSION FEES
ADMISSION OPEN
Nursery to 12th
Register Now at www.rpsraipur.com
Silent Features
• Extra curricular activities • Personal attention to each student Limited student in each class • Music, Dance, personality development classes • Yoga
• Scholarship will be provided for students coming from other schools who score above 90%
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur, (C. G.) Mo.:- 9589085558,9329621221, Email:- rpsraipur123@gmail.com
Eicher School Bus
ASSURANCE OF SUPERIOR SAFETY
EICHER PARTNERING PROSPERITY
• RELIABLE AND STRONG • NEXT GEN FEATURES
• BENCHMARK OF SAFETY • COMFORT & CONVENIENCE
GK Automotive Pvt Ltd
Opp. Kabir Nagar, Sondongri, Ring Road No.-2, Raipur (C.G.)
Mo.: 98268 97000
BRANCHES: DURG | RAJNANDGAON DHAMTARI | MAHASAMUND BALODA BAZAAR
Contact to Add Your School - 79871-19756

**खबर संक्षेप**



### 400 महिलाओं को मतदान की दिलाई शपथ

**रायपुर।** संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध, समाजसेवा के लिए तत्पर महाराष्ट्र मंडल जन जागरूकता अभियान में पीछे नहीं रहा है। यही वजह है कि चैत्र मास हल्दी कुमकुम और भजन स्पर्धा में उपस्थित 15 केंद्रों की लगभग 400 महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और स्वजनों-परिचितों को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, मंडल के अध्यक्ष अजय काले आदि शामिल रहे।

### सड़कों की सुंदरता पर फोकस

**रायपुर।** नगर निगम द्वारा शहर के 7 प्रवेश द्वारों के साथ ही शहर के भीतर की सड़कों पर फोकस किया जा रहा है। इसके लिए पौधारोपण और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सौन्दर्यीकरण कराया जाएगा। इसके लिए निजी एजेंसियों की भी मदद ली जाएगी। निगम कमिश्नर आयुक्त ने एक्सप्रेस वे, गौरव पथ और केनाल रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान शहर प्रवेश के 7 मार्गों की सुंदरता बढ़ाने पर अधिकारियों से चर्चा की गई। शहर के भीतर की सड़कों पर रात में बिजली की पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने, साफ-सफाई कराने प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ये सभी कार्य निजी एजेंसियों के माध्यम से विज्ञापन मॉडल पर करवाया जाएगा।

**निधन**

### शिवकुमार मानस



**रायपुर।** अमलीडीह निवासी शिवकुमार मानस (71) का 23 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भिम्भोरी पिरदा में 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे किया जाएगा। वे मोरध्वज मानस, सूरज एवं आकाश के पिता थे।

### अमित रंजन



**रायपुर।** रोहिणीपुरम गोल चौक निवासी अमित रंजन (41) का 23 अप्रैल को नागपुर में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को शाम 5.30 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता सीएसपीजीसीएल अजय श्रीवास्तव के पुत्र थे।

# समर स्पेशल ट्रेन से देश के हर कोने तक पहुंचना हुआ आसान, यात्रियों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी की छुट्टियों में रायपुर से बिहार, उत्तरप्रदेश दिल्ली, पंजाब और मुंबई आवागमन करने वाले लोगों के लिए राहत भरी खबर है। यात्रियों की सहूलियत के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने 50 से अधिक समर स्पेशल ट्रेनों को विभिन्न रूटों पर देश के प्रमुख नगरों के लिए 150 फेरों में चलाने का निर्णय लिया है। भारतीय रेलवे स्तर पर गर्मी के दिनों में 2024 में रिकार्ड समर स्पेशल ट्रेनों को 9111 फेरों में संचालित करने की योजना तैयार की गई है। 2023 की गर्मी की तुलना में यह पर्याप्त वृद्धि दर्शाता है, जहां कुल 6369 फेरों की योजना बनाई गई थी। इस वर्ष 2742 फेरों में वृद्धि की गई है। तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, मध्य प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली जैसे राज्यों से यात्रियों की भीड़भाड़ को कम करने के लिए इन अतिरिक्त फेरों को संचालित करने की तैयारी कर ली गई है।

## रायपुर में अभी तक 50 से अधिक समर स्पेशल ट्रेनों चलाने फैसला



### पुरी और उधना के मध्य चलेगी 17 फेरे के लिए समर स्पेशल

पुरी-उधना-पुरी के मध्य 17 फेरों के लिये ग्रीष्मकालीन द्वि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से दिनांक 25 अप्रैल से 27 जून 2024 तक प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को व 08472 उधना-पुरी समर स्पेशल उधना से दिनांक 26 अप्रैल से 28 जून 2024 तक प्रत्येक मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग एवं गोंदिया स्टेशनों में दिया गया है। 08471 पुरी-उधना समर स्पेशल पुरी से प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को 06.30 बजे रवाना होगी।

### समाजसेवी संस्था पिला रही पानी

*गर्मी के दिनों में पानी की अधिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रायपुर मंडल में कुछ गैर सरकारी संगठन/ समाज सेवी संस्थाएं भी सेवा भावना से रेल यात्रियों की प्यास बुझाने में अपना सक्रिय योगदान दे रही हैं। इन संस्थाओं द्वारा स्टेशन पर यात्रियों को शीतल जल उपलब्ध कराकर पानी की अतिरिक्त आवश्यकता की पूर्ति की जा रही है। इनके द्वारा गाड़ी के स्टेशन पर आते ही यात्रियों को पानी पिलाने व खाली बॉटल में शीतल जल भरने का काम भी किया जा रहा है। उद्देश्य यही है कि मण्डल से गुजरने वाली ट्रेनों में कोई भी यात्री प्यासा न रहे। इससे रेल सफर की थकान और गर्मी के मौसम से बेहाल यात्रियों को काफी राहत मिल रही है।*

# बोरियाखुर्द में चाकूबाजी में एक की हत्या, तीन घायल

**पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के बोरियाखुर्द में सोमवार रात को चाकूबाजी की घटना हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। वारदात को अंजाम मोहल्ले के करीब आधा दर्जन लड़कों ने दिया है, जिनसे मृतक और उनके साथियों का विवाद हुआ था। पुलिस ने इस मामले में 5 संदेहियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस को लोगों ने दी घटना की सूचना

इस घटना की सूचना पुलिस को लोगों ने दी। बताया जा रहा है कि घटना की सूचना के बाद पुलिस करीब आधे घंटे बाद मौके पर पहुंची। इस दौरान मृतक का शव मैदान में बारिश में भीगता पड़ा रहा।



### संदेहियों में एक नाबालिग

इस मामले में हिरासत में लिए गए 5 संदेहियों में एक नाबालिग भी है। पुलिस इस मामले में सभी संदेहियों से अलग-अलग पूछताछ कर रही है। पुलिस को आशंका है कि इस हत्याकांड में संदेहियों के अलावा कुछ और लड़के भी शामिल हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस इस मामले में धारा 302, 294, 323, 506, 307, 34 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### शोभायात्रा के लिए सड़क बंद करने की बात पर हुआ विवाद

*टिकरापारा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 10:30 बजे संगम पैलेस के पास बोरियाखुर्द की है। घटना के समय मोहल्ले में रहने वाले शुभम गिरी, जयेश गिरी, रवि तोंडे, सूरज नंदे सहित अन्य लड़के हनुमान जयंती पर शोभायात्रा निकालने की तैयारी कर रहे थे। इस तैयारी के दौरान मोहल्ले की एक सड़क को बंद कर दिया था। इसी दौरान मृतक आर्यन तोमर अपने साथी शुभम चंद्राकर, समीर साहू एवं सिद्धांत निषाद के साथ पहुंचा। रास्ता बंद पाकर आर्यन और उसके साथियों ने लड़कों को रास्ता खोलने के लिए कहा। इस बात पर उनके बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने से उनके बीच हाथा-पाई हो गई। इस दौरान आवेश में आकर लड़कों ने आर्यन और उसके साथियों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में आर्यन के पेट में वार किए गए हैं, जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं अन्य साथियों पर भी चाकू से हमला किया गया है, जिससे उन्हें भी गंभीर जख्म आए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है कि मृतक आर्यन के पिता नरोत्तम तोमर कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं।*

## मंझले ने छोटे भाई का सिर फोड़ा, बड़े ने रात में हल्दी लगाकर सुला दिया, सुबह मिला मृत

राजधानी रायपुर के कोटा इलाके में सोमवार रात में आपसी विवाद पर एक व्यक्ति ने अपने छोटे भाई का पटिया से वार कर सिर फोड़ दिया। इस वार की चोट को मामूली समझकर बड़े भाई ने घरेलू इलाज करते हुए उसकी चोट पर हल्दी लगाकर उसे सुला दिया। दूसरे दिन सुबह वह मृत मिला। इस घटना के बाद बड़े भाई ने इसकी रिपोर्ट थाने में की, जिसके बाद पुलिस ने पटिया से वार करने वाले मंझले भाई को गिरफ्तार किया है। शिव मंदिर के पास कोटा निवासी मनोज क्षीरसागर सोमवार को सुबह करीब साढ़े सात बजे सरस्वती नगर थाना पहुंचा और जानकारी दी कि उसके सबसे छोटे भाई नीरज की मंझले भाई अजय ने हत्या कर दी। उसने बताया कि 22 अप्रैल की रात करीब 10 बजे नीरज और अजय के बीच घरेलू बात पर विवाद हो गया था। इस विवाद के दौरान अजय ने गुस्से में आकर नीरज



के सिर पर पटिया से वार कर दिया। इससे उसके सिर से खून निकलने लगा था, लेकिन चोट ज्यादा गहरी नहीं है यह मानकर मनोज उसे डाक्टर के पास न ले जाकर उसकी चोट पर हल्दी लगाकर उसे सुला दिया। सुबह जागने पर जब वह नीरज को उठाने पहुंचा, वह उठा ही नहीं। उसकी मौत हो चुकी थी। मनोज की सूचना पर जब उसके घर पुलिस की टीम पहुंची, तो उसे देखकर अजय भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मृतक के शव की पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए एम्स अस्पताल भेजा है, वहीं मामले में हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया है।

### पैसों के विवाद पर मारा पटिया

*बताया जा रहा है कि मृतक और अजय दोनों ऑटो चलाने का काम करते हैं और दोनों के बीच पैसों के लेनदेन को लेकर ही विवाद हुआ था। इस विवाद पर ही अजय ने उस पर पटिया से वार कर दिया। आरोपी अजय का यह भी कहना है कि झगड़े के दौरान उसका भाई नशे में था, जिसके कारण वह उसके साथ गाली-गलौज कर रहा था। इसके कारण उसे गुस्सा आ गया और उस पर पटिया से वार कर दिया।*

## शंकर नगर के क्रिस्टल आर्किड के पास पिंक कलर में अम्मा की चौपाटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शंकरनगर में क्रिस्टल आर्किड के पास की जगह पर पिंक कलर में अम्मा की चौपाटी बनेगी। यहां पर महिलाएं चाट-गुपचुप सहित अन्य तरह की खाने-पीने की सामग्री से लेकर बड़ी, अचार, पापड़, फल का विक्रय कर सकेंगी। इस जगह पर 80 से 100 महिलाओं के स्वरोजगार के लिये दुकानें बनाई जायेंगी। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार सुबह शंकर नगर में क्रिस्टल मार्केट के पास की जगह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त बाजार बनाने के निर्देश दिए। साथ ही जोन स्तर पर तत्काल प्रस्ताव बनाने के लिए कहा है। निरीक्षण के दौरान जोन 3 की कमिश्नर प्रीति सिंह तथा कार्यपालन अभियंता राकेश अवधिया उपस्थित रहे। जोन कमिश्नर प्रीति सिंह ने बताया आयुक्त के निर्देश पर बाजार को गुलाबी रंग में रंग कर पिंक बाजार अम्मा की चौपाटी का नाम दिया जायेगा। यहां पर महिलाएं चाट-गुपचप, घर की बनाई बड़ी-अचार, पापड़, फल सहित अन्य खाद्य सामग्री बेचकर स्वरोजगार प्राप्त कर सकेंगी। इसके लिए जोन से प्रस्ताव बनाया जायेगा।

### महिलाओं के लिए बनेंगी 80 से 100 दुकानें

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के मकसद से 80 से 100 दुकानों का निर्माण नगर निगम द्वारा कराया जायेगा। बाजार को पिंक बाजार या अम्मा की चौपाटी का नाम दिया जाएगा।

### मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग लांच

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेक्ट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार, रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेंड्रा-मारवाही जिले की मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर प्रेक्षकों एवं कलेक्टर ने मीनाक्षी केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

## पेज 9 के शेष

### पीएम मोदी राजभवन...

था कि श्री मोदी रायपुर आकर राजभवन में रात्रि विश्राम करेंगे। यह पहला मौका है जब श्री मोदी छत्तीसगढ़ में रात गुजार रहे हैं। इसके पहले कभी अपने दस साल के कार्यकाल में वे रात को छत्तीसगढ़ में नहीं रुके हैं।

### आज सरगुजा में...

महाराज, सरगुजा लोकसभा में आने वाली विधानसभाओं के सभी भाजपा विधायक और सरगुजा में रहने वाले प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी शामिल होंगे।

### शवों के वारिस...

अस्पतालों के पास मरीजों से संबंधित किसी तरह के दस्तावेज नहीं हैं, जिसकी वजह से यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्हें कोविड संक्रमण के दौरान आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया था अथवा मृत अवस्था में मरचुरी तक लाया गया था। शव के टैग पर केवल नाम मिले थे जिसमें पता और अन्य किसी तरह का जिक्र नहीं था, इसलिए उसकी प्रामाणिकता पर भी संदेह व्यक्त किया जा रहा है।

### दूर गया सिस्टम...

की दरम्यानी रात राजधानी में रुक-रुककर बारिश होती रही और सुबह तक आंकड़ा एक सेमी. के करीब पहुंच गया। माना में करीब डेढ़ सेमी. वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बस्तर के एक दो स्थानों पर हल्की बारिश हुई। राज्य में वर्षा की वजह से पश्चिमी विक्षोभ की वजह से दक्षिण बस्तर के ऊपर बनी द्रोणिका थी जो दूर जा चुकी है और अब एक-दो क्षेत्रों में बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश होने के आसार हैं। बादल और बारिश ने पिछले दो दिन से गर्मी से राहत दिलाई है। अभी रात का तापमान सामान्य से एक से चार डिग्री सेल्सियस तक कम है। वहीं दिन का पारा थोड़ा बढ़कर राज्य में एक से तीन डिग्री तक अधिक हो चुका है। सबसे अधिक तापमान डोंगरगढ़ का 41.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

### रेलवे का सुस्त...

परिवर्तित मार्ग से चलाने का फैसला लिया है, लेकिन यह सिस्टम में अपडेट नहीं हुआ है। रिजर्वेशन काउंटर के अधिकारियों ने कंट्रोल रूम में इसकी शिकायत की है। आमतौर पर ट्रेन के कैंसिल होते ही वेबसाइट को अपडेट कर दिया जाता है, जिसकी जानकारी बुकिंग के दौरान यात्रियों को मिल जाती है, लेकिन वर्तमान में 24 घंटे के बाद भी वेबसाइट पर ट्रेन रद्द की बुकिंग बंद नहीं हो रही है। टिकट खरीदने का विकल्प यात्रियों को दिखाई दे रहा है।

### आरक्षण केंद्र में पहुंची...

अलावा 28 अप्रैल, 09, 15 एवं 21 मई, 2024 को 20806 नई दिल्ली-विशाखापटनम एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग विशाखापटनम-वियजयवाड़ा-रायगढ़-टिटलागढ़-रायपुर-नागपुर होकर रवाना होगी। बुकिंग में यह जानकारी नहीं मिल रही। जिन यात्रियों ने तीन माह पहले कन्फर्म टिकट बुक किया था, वह यात्री अब आरक्षण काउंटर पहुंचकर ट्रेन के बारे में जानकारी ले रहे हैं।

### सोने-चांदी की कीमत...

सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने बताया, भाव कम होने का कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनिश्चितता का जो वातावरण है, उसका कम होना है। इसराइल-इराक का तनाव भी कम हो रहा है। सबसे बड़ी बात अमेरिकी फेडरल बैंक द्वारा अगली तिमाही में ब्याज दर कम करने की घोषणा की गई थी, किंतु ब्याज दर कम होने की संभावना अब नहीं है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने के भाव कम हुए हैं।


**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती नीति पाण्डेय उम्र 40 वर्ष पति - आनंद कुमार पाण्डेय निवासी - के. एच. 7 स्ट्रीट नं. -6 श्रीरामनगर, रायपुर छ.ग. शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि :-

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मैं पूर्व विवाहित हूँ तथा मेरे पूर्व वैवाहिक जीवन से दो संताने हैं, जो क्रमशः निशित शर्मा उम्र-12 वर्ष एवं श्लोक शर्मा उम्र - 10 वर्ष हैं।
3. यह कि, मेरे पूर्व विवाहित पति निलेश शर्मा का कोरोना काल के दौरान कोरोना बीमारी से मृत्यु हो चुकी हैं। मेरे पूर्व पति के मृत्यु पश्चात बच्चो के भविष्य को देखते हुए मेरे द्वारा पुर्नविवाह दिनांक-18-04-2024 को आर्य समाज मंदिर मरही माता मंदिर मौदहापारा, रायपुर छ0ग0 में वैदिक रीति रिवाजो के अनुसार श्री आनंद कुमार पाण्डेय पिता श्री ठाकुर पाण्डेय निवासी- ओल्ड सुभाष कालोनी, थाना मानगो तहसील गोलपुरी, जिला पूर्वी सिंहभूम झारखंड के साथ विवाह सम्पन्न की हूँ।
4. यह कि, विवाह पश्चात मेरा नाम श्रीमती नीति पाण्डेय पति आनंद कुमार पाण्डेय हो गया हैं तथा मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जा रहा है। मैं अपने बच्चो का नाम 1 - निशित पाण्डेय पिता आनंद कुमार पाण्डेय 2 - श्लोक पाण्डेय पिता श्री आनंद कुमार पाण्डेय परिवर्तित कराना चाहती हूँ, ताकि मेरे बच्चो के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, शासकीय अर्धशासकीय दस्तावेजो एवं उनके आधार कार्ड तथा मेरे बच्चो के दाखिल खारिज रजिस्टर एवं स्कूली दस्तावेजों में उनका नाम परिवर्तित कर वास्तविक नाम 1-निशित पाण्डेय पिता आनंद कुमार पाण्डेय, 2- श्लोक पाण्डेय पिता श्री आनंद कुमार पाण्डेय दर्ज किया जा सकें। अतः मैं अपने उपरोक्त कथनो की सत्यता के समर्थन में यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही हूँ।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक में उल्लेखित समस्त कथन मेरी स्वयं की जानकारी में सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को मुकाम रायपुर छ.ग. में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करती हूँ।
रायपुर छ.ग.
दिनांक-19.04.2024

सत्यापनकर्ती

**नाम त्रुटिसुधार हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है किः-

मैं आर्मी में नायक के पद पर कार्यरत था तथा मेरे आर्मी के सभी दस्तावेजों में मेरा नाम ठाकुर पवन कुमार सिंह (THAKUR PAWAN KUMAR SINGH ) दर्ज है, तथा मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम- पवन सिंह (PAWAN SINGH) दर्ज है। मुझे मेरे आर्मी के संपूर्ण दस्तावेजों में मेरे आधार कार्ड एवं मेरे पेन कार्ड के अनुसार सही व सत्य नाम पवन सिंह (PAWAN SINGH) दर्ज करवाना चाहता हूं। इस संबंध में विभाग की जो नियम व शर्तें होगी मुझे मान्य है ।


अतः मेरे आर्मी के संपूर्ण दस्तावेजों में मेरा वास्तविक एवं सही नाम पवन सिंह (PAWAN SINGH) मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड के अनुसार दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत है ।

दिनांकः 22.04.2024 भवदीय
पवन सिंह
मो.नं.- 9024799198


# बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ की दर्जनों लाइटें बंद, नेहरूनगर से कैलाशपुरी ढाल तक अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के बूढ़ातालाब परिक्रमा पथ की दर्जनों लाइटें एक साथ बंद पड़ी हैं। इससे इस मार्ग पर रोजाना आने-जाने वालों लोगों को अंधेरा से गुजरकर गंतव्य तक आने-जाने में खासी परेशानी हो रही है। तेज रफ्तार वाहन की हेडलाइट की चकाचौंध से दोपहिया, तिपहिया चालक, राहगीर अंधरे में दुर्घटना की आशंका से सिहर उठते हैं, जबकि कुछ माह पहले ही इस मार्ग में सड़क किनारे रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा पुरानी स्ट्रीट लाइट की जगह नई स्ट्रीट लाइटें लगाई गई हैं। यह स्थिति नेहरूनगर चौक से कैलाशपुरी ढाल होते हुए बूढ़ेश्वर मंदिर चौक तक बनी हुई है। यही नहीं, नेहरूनगर चौक से दानी स्कूल के पीछे की बायपास सड़क पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें भी बंद पड़ी हैं। रायपुर नगर निगम और स्मार्ट सिटी रायपुर



द्वारा बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण के कार्य में करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी शहरवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। पूर्व में बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ मार्ग में नगर निगम द्वारा पुराने स्ट्रीट पोल के जरिये स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था दी गई, जिससे इस मार्ग में पर्याप्त रोशनी होने से शहरवासियों को देर रात इस मार्ग में आने-जाने में कोई अड़चन नहीं होती थी, पर बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण फेज 2 में परिक्रमा पथ पर पाथवे बनाने और बिजली के तारों को भूमिगत कर पुराने बिजली खंबों की जगह वायरलेस स्ट्रीट पोल लगाये गये। इनमें से ज्यादातर लाइटें बंद पड़ी हैं।

### ट्रांसफार्मर जल गया, पर्यटन मंडल को कराया है अवगत

बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर लगाई गई स्ट्रीट लाइटें बंद हैं, क्योंकि वहां का ट्रांसफार्मर जल गया है। इसकी सूचना हमें मिली है, चूंकि वहां ट्रांसफार्मर पर्यटन विभाग ने लगवाया था। इसीलिए उन्हें इससे अवगत करा दिया है।
**- आशीष मिश्रा,** जनरल मैनेजर कम्यूनिकेशन, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड







**खबर संक्षेप**

### शादी-ब्याह का सीजन, 48 हजार ने किया हवाई सफर

**रायपुर।** शादी-ब्याह का मौसम होने की वजह विभिन्न शहरों के लिए यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ी है। इसका असर हवाई सफर पर भी हुआ है। स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से बीते सप्ताह आवाजाही करने वाले यात्रियों की संख्या 48 हजार से अधिक थी। एयरपोर्ट प्रबंधन के अधिकारियों ने बताया कि बीते सप्ताह की तुलना में इस बार यात्रियों की संख्या में करीब पांच प्रतिशत का इजाफा हुआ है। सबसे अधिक यात्रियों ने 15 और 19 अप्रैल को आवाजाही की थी। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में विमान यात्रियों की संख्या में और वृद्धि हो सकती है। रायपुर से अभी नियमित रुप से विभिन्न शहरों के लिए विमान 44 से 50 बार आवाजाही कर रहे हैं।

### तीन साल में एक हजार अस्पतालों की शिकायत

**रायपुर।** आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मरीजों का निशुल्क इलाज करने में अनियमितता की पिछले तीन साल में कुल 995 शिकायत स्टेट नोडल एजेंसी तक पहुंची है। आरटीआई में एक्टिविस्ट संजीव अग्रवाल ने बताया कि उनके द्वारा मांगी गई जानकारी पर एसएनए द्वारा बताया गया कि शिकायतों के आधार पर राज्य के 26 अस्पतालों को योजना से निलंबित किया गया, 25 पर जुर्माना और पांच का पंजीयन निरस्त किया गया। प्राप्त शिकायतों में कई मामले तथ्यहीन पाए गए थे।

### मतदाता पर्ची का वितरण

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव के अंतर्गत सात मई को होने वाले मतदान के लिए मतदाता पर्ची का वितरण शुरु हो गया है। नगर-निगम के दक्षिण हिस्से में स्थित संत ज्ञानेश्नर उमा. शाला के मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण किया गया। बूथ लेवल ऑफिसर गोकुल साहू का शंकर नगर शिक्षा महाविद्यालय के बीएड छात्रा हेमधर साहू ने सहयोग किया। इस दौरान मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील भी की गई।

### रायपुर में दो कोरोना एक्टिव केस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से एक बार फिर कोरोना के वायरस का खात्मा हो चुका है। वर्तमान में रायपुर जिले में इसके दो एक्टिव केस है जिसके एक दो दिन में स्वस्थ होने के आसार है। राज्य में कुछ दिन पहले कोरोना का मामला जीरो हो गया था फिर सर्दी-खांसी की जांच के दौरान दो लोगों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया था जिनका इलाज होम आईसोलेशन में चल रहा है। अभी रोजाना तीन से पांच सौ लोगों की राज्य में कोविड जांच हो रही है मगर किसी को संक्रमित नहीं पाया जा रहा है। गर्मी बढ़ने की वजह से इस संक्रमण की शिकायत एक बार फिर कम हो चुकी है। राज्य में 32 जिले कोरोना मुक्त हो चुके हैं।

### पक्षियों के लिए दाना और सकोरे किए वितरित

**रायपुर।** नेकी कर फाउंडेशन द्वारा श्रीराम मंदिर के प्रांगण में विगत दिनों पक्षियों के लिए सकोरा व दाना का वितरण किया गया। इस आयोजन में संस्था द्वारा रायपुरवसियों को पशु-पक्षियों की सेवा के लिए प्रेरित किया गया। संस्था द्वारा 2 हजार सकोरे और 3500 पैकेट दाना का वितरण किया गया। इस कार्य में 30 वॉलंटियर्स ने सेवा दी।

# गर्मी में अंडों ने भी दिखाया ताव, खाने लगे भाव, चिल्हर में कीमत छह रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आमतौर पर गर्मी में अंडे का भाव तीन से चार रुपए ही रहता है, लेकिन लगातार दूसरे साल थोक में जहां अंडा सवा पांच रुपए है, वहीं चिल्हर में छह रुपए हो गया है। इसके पीछे का कारण यह है कि उत्पादन कम हो गया है, क्योंकि गर्मी में अंडे जल्दी खराब हो जाते हैं। अपने राज्य में अंडों का उत्पादन भारी मात्रा में होता है। यहां सामान्य दिनों में रोज 70 लाख अंडों का उत्पादन होता है, लेकिन गर्मी में उत्पादन कम कर दिया गया है।

छत्तीसगढ़ का नाम भी ज्यादा अंडा उत्पादन करने वाले राज्यों में शामिल है। यही वजह है कि यहां से दूसरे राज्यों में रोज अंडे जाते हैं। यहां कई बड़े पोल्ट्री फार्म हैं। इनमें लाखों की संख्या में अंडों का उत्पादन रोज होता है। कोरोनाकाल में जब लॉकडाउन लगा था, तब पोल्ट्री फार्म संचालकों की हालत खस्ता हो गई थी। यहां 20 करोड़ से ज्यादा अंडों को कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था। स्थिति अंडों को फेंकने की आ गई थी, लेकिन लॉकडाउन हटने के बाद राहत मिली थी। इसके बाद से लगातार अंडों का अच्छा उत्पादन हो रहा है और दूसरे राज्यों में अंडे भेजे जा रहे हैं। बीते साल दो माह का सावन पड़ने के कारण भी अंडों का कारोबार प्रभावित हुआ और बड़ी संख्या में इन्हें कोल्ड स्टोरेज में रखना पड़ा था।

#### कीमत आसमान पर

गर्मी के समय में अंडे की कीमत आमतौर पर थोक में साढ़े तीन से चार रुपए और चिल्हर में चार से साढ़े रुपए रहती है, लेकिन इस बार गर्मी में कीमत में बढ़ोतरी हो गई है। बीते साल भी अंडों की कीमत छह रुपए हो गई थी। इस साल भी गर्मी में कीमत आसमान पर चली गई है। थोक में कीमत सवा पांच रुपए और चिल्हर में छह रुपए हो गई है।

#### खराब होने के डर से उत्पादन भी घटाया



#### घटाया उत्पादन

गर्मी के कारण अंडों का उत्पादन 70 फीसदी ही हो रहा है। सामान्य दिनों रोज 70 लाख के आसपास अंडों का उत्पादन होता है। इसमें से 30 से 40 फीसदी दूसरे राज्यों में भेजे जाते हैं, लेकिन इस समय उत्पादन 50 लाख के आसपास हो रहा है। इसमें से बहुत कम अंडे दूसरे राज्यों में जा रहे हैं। पिछले साल ठंड के समय में अपने राज्य में 70 लाख में से 60 लाख अंडों की खपत हो रही थी।

## हर उम्र में माइग्रेन से लेकर पैरालिसिस अटैक तक की आ रही समस्या

**बढ़ रहीं न्यूरो से संबंधित समस्याएं**

# कम फिजिकल एक्टिविटी और सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बढ़ा रहा टेंशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदलती लाइफ स्टाइल से कम हो रही फिजिकल एक्टिविटी और सोशल मीडिया पर ज्यादा वक्त बीतने की वजह से न्यूरो से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं। अब हर उम्र में माइग्रेन से लेकर पैरालिसिस अटैक जैसी परेशानी आने लगी है। राज्य के एकमात्र शासकीय डीके अस्पताल के न्यूरोलॉजी और सर्जरी विभाग में मरीजों के इलाज के लिए सौ से ज्यादा बेड हैं, जो अक्सर भरे रहते हैं।

- डीके अस्पताल में न्यूरोलॉजी, सर्जरी विभाग में सौ बेड जो अक्सर फुल

चिकित्सकों के मुताबिक मस्तिष्क की नसों से संबंधित समस्या की मूल वजह स्ट्रेस यानी तनाव होता है। पिछले कुछ सालों से इस तरह की परेशानियां बढ़ी हैं और लोग माइग्रेन यानी अक्सर रहने वाले सिरदर्द से लेकर पैरालिसिस अटैक, ब्रेन हेमरेज के शिकार हो जाते हैं। डीके अस्पताल में होने वाली नियमित ओपीडी में रोजाना तीन से चार सौ मरीज पहुंचते हैं, जिसमें से आधे मरीज न्यूरोलॉजी और न्यूरो सर्जरी विभाग के होते हैं। दोनों विभाग में इलाज के लिए भर्ती किए जाने वाले मरीजों के लिए सौ से अधिक बेड की व्यवस्था है, जो हमेशा फुल रहते हैं और कई बार मरीजों को वार्ड में शिफ्ट करने के लिए इमरजेंसी में रखकर कई दिनों तक इलाज करना पड़ता है।

चिकित्सकों के अनुसार बदलती लाइफ स्टाइल की वजह से इस तरह की परेशानियां काफी बढ़ी हैं। लोगों का ध्यान शारीरिक गतिविधियों से कम हो चुका है और वे ज्यादा से ज्यादा वक्त सोशल मीडिया में एक्टिव रहने के लिए मोबाइल, कंप्यूटर अथवा लैपटाप के सामने बिताते हैं। इससे उनके मस्तिष्क पर जोर पड़ता है, जो न्यूरो से संबंधित परेशानियों का कारण बन जाता है। इसी तरह प्रदूषण और नशे की लत भी लोगों को इस बीमारी की तरफ धकेलती है।

#### विशेषज्ञों का कहना

लाइफ स्टाइल में हो रहे बदलाव की वजह से विभिन्न तरह की समस्याएं आ रही हैं। सोशल मीडिया में ज्यादा सक्रियता के लिए स्क्रीन टाइम बढ़ने, शारीरिक गतिविधियों की कमी की वजह से भी तनाव बढ़ रहा है जो न्यूरो से संबंधित परेशानी का कारण बन जाता है। इस तरह की परेशानी से बचने के लिए लोगों को अनावश्यक तनाव लेने से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

- **डॉ. राजीव साहू,** प्राध्यापक न्यूरो सर्जरी, डीके अस्पताल



#### प्रदूषण और नशा भी वजह

बढ़ते वायु प्रदूषण की वजह से नसों पर दुष्प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही युवा वर्ग में विभिन्न तरह के नशे का शौक भी इस तरह की बीमारियों को आमंत्रण देता है। बीपी-शुगर जैसी दवाओं की अनियमितता भी इस तरह की बीमारियों का कारण बन जाता है।

- **डॉ. अर्पित अग्रवाल,** सह प्राध्यापक, न्यूरोलॉजी डीके अस्पताल

#### अनियमित दवा और नशा भी कारण

चिकित्सकों के मुताबिक अब बीपी-शुगर की समस्या आम हो चुकी है और नियमित दवा लेकर नियंत्रित रखा जाता है। इसमें की जाने वाली लापरवाही की वजह से कई बार परेशानी उत्पन्न हो जाती है। मस्तिष्क से संबंधित नसों की समस्या का एक वजह बढ़ता प्रदूषण भी है और नशे की लत भी कई बार अत्याधिक तनाव की वजह से इस तरह की बीमारियों की वजह बन जाती है।

#### बिलासपुर-जगदलपुर में शुरुआती दौर

न्यूरो से संबंधित बढ़ती शिकायतों को ध्यान में रखते हुए बिलासपुर के सिम्स और जगदलपुर मेडिकल कालेज में सुपर स्पेशलिटी सुविधा के तहत इस बीमारियों का इलाज किया जाना है। इसके लिए विशेषज्ञों की नियुक्त के बाद अन्य तैयारियां पूरी की जा रही हैं। राज्य स्तर पर न्यूरो से संबंधित बीमारियों का इलाज डीके अस्पताल में किया जाता है। यहां आठ विशेषज्ञ सेवा दे रहे हैं और राज्यभर से न्यूरो से संबंधित मरीजों को इलाज के लिए यहां भेजा जाता है, जिसकी वजह से कई बार स्थिति ओवरलोड की हो जाती है।

## वेंडरों के लिए भुवनेश्वर की तर्ज पर 400 स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराएगा नगर निगम




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में नगर निगम से पंजीकृत वेंडरों को ओडिशा की भुवनेश्वर सिटी की तर्ज पर स्मार्ट कॉर्ट उपलब्ध कराए जाएंगे। प्रथम चरण में 4 जगहों पर प्रस्तावित वेंडिंग जोन के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट दिये जाएंगे। जीरो बजट में पीपीपी मोड में यह सारा काम होगा, जिसमें नगर निगम को फूटी-कौड़ी का भी खर्च नहीं आएगा। विज्ञापन एजेंसी अपने खर्च पर यह काम कराएगी। इसके एवज में उसे वेंडिंग जोन स्थल पर विज्ञापन बोर्ड लगाकर प्रचार करने का अधिकार मिलेगा।

- पीपीपी मोड पर काम, जीरो बजट पर विज्ञापन एजेंसियों से सहयोग
- प्रथम फेज में 4 जगहों पर बनाए जाएंगे वेंडिंग जोन

#### यहां बनाएंगे वेंडिंग जोन

शहर के 4 जगहों पर भुवनेश्वर सिटी के पैटर्न पर वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। जहां एक ही रंग के स्मार्ट कॉर्ट नजर आएंगे। ये स्मार्ट कॉर्ट निगम से पंजीकृत वेंडरों को उपलब्ध कराए जाएंगे। शुरुआत में 4 जगहों के लिए 400 स्मार्ट कॉर्ट स्ट्रीट वेंडरों के लिए होंगे। ये वेंडिंग जोन गांधी उद्यान के समीप, पुजारी पार्क के पास, जब्बार नाला के पास, पाम ब्लाजियो के नजदीक और बूढ़ापारा धरनास्थल की खाली जगह पर बनाए जाएंगे। जहां वेंडिंग जोन के साथ सीटिंग जोन बनाए जाएंगे। इसमें वाई-फाई और चार्जिंग पाइंट की सुविधा लोगों को मिलेगी। वेंडिंग जोन क्षेत्र को जगमगाने के लिए सोलर लाइट का इस्तेमाल किया जाएगा।

#### पंजीकृत वेंडरों को देंगे

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि 4 जगहों पर शुरुआत में पीपीपी मोड पर स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट लगाए जाएंगे। ये चलित गुमटियां सुव्यवस्थित रूप से आसपास के पंजीकृत वेंडरों को ही दी जाएंगी।

# आयुष्मान का भुगतान लंबित, काम बंद करने आईएमए ने दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत किए गए उपचार का भुगतान लंबित होने से निजी अस्पतालों ने नाराजगी जाहिर की है। मंगलवार को आईएमए रायपुर शाखा की आपात बैठक में योजना के तहत इलाज नहीं करने की चेतावनी दी गई है। इस मामले में अन्य शाखाओं से चर्चा और स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने मुलाकात करने के बाद आगे रणनीति तैयार की जाएगी।

- रायपुर शाखा की हुई आपात बैठक, अफसरों से होगी मुलाकात

रायपुर हास्पिटल बोर्ड के अध्यक्ष डा. अनिल जैन तथा आईएमए रायपुर सचिव डा. दिग्विजय सिंह ने बताया कि बैठक में पिछले कई महीनों से आयुष्मान योजना के लंबित भुगतान पर चर्चा हुई और सदस्यों ने लंबित भुगतान नहीं मिलने तक आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं करने पर सहमति जताई। इस मामले में रायपुर के पदाधिकारी प्रदेश की अन्य शाखाओं से बातचीत करेंगे। आईएमए पदाधिकारियों ने कहा है कि पिछले चार माह में स्वास्थ्य मंत्री से दो बार और अतिरिक्त मुख्य सचिव रेणु पिल्ले से मुलाकात किया था मगर वहां से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला जिसे लेकर सदस्यों में काफी रोष हैं। उन्होंने कहा कि अनियमित भुगतान की वजह से अस्पताल वालों को कर्तव्य का पालन करने में दिक्कतें आ रही हैं। हरियाणा और गुजरात में अस्पतालों ने अनियमित भुगतान की समस्या होने के कारण आयुष्मान योजना से मरीज़ों का इलाज पूर्णतया बंद कर दिया है। इस मामले में प्रदेश स्तर का डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल शासन स्तर पर अधिकारियों से मिलेगा।

# 5 दिवसीय बूट कैंप 29 से, हैकथॉन के सलेक्टेड 225 विनर होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन द्वारा बूटकैंप के तीसरे चरण की घोषणा की गई है। यह कैंप 29 अप्रैल से 3 मई तक देश के 9 चयनित शहरों में आयोजित किया जायेगा। इसमें छत्तीसगढ़ में बूटकैंप का आयोजन करने अमिटी यूनिवर्सिटी रायपुर को मेजबानी मिली है। आयोजन में हैकथॉन के चयनित 225 विजेता भाग लेंगे।

आयोजन संस्था के वाइस चांसलर डॉ. पीयूषकांत पांडे ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में इस बात की जानकारी दी। पत्रकारों से चर्चा में उन्होंने बताया कि भारत के 9 शहरों में इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता के बूटकैंप आयोजित किये जा रहे हैं। इनमें रायपुर की अमिटी यूनिवर्सिटी शामिल है। 5 दिवसीय आयोजन में 25 सेशन होंगे, जिसमें 20 सेशन बाहर से आये एक्सपर्ट के रहेंगे। डॉ. पांडे ने कहा, इनोवेशन केवल नए विचारों के बारे में नहीं है, यह इन विचारों के व्यवहारिक समाधानों में परिवर्तित करने के बारे में बताता है, जो कि हमारे समाज और अर्थव्यवस्था पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।








सर्वार्थ सिद्धि योग में मंगलवार को शहर के छोटे-बड़े सभी मंदिरों में संकटमोचन हनुमान का जन्मोत्सव मनाया गया। शहर के ऐतिहासिक हनुमान मंदिरों के अलावा गली-मोहल्लों के मंदिरों में ब्रह्म मुहूर्त से लेकर रात तक भक्तिभाव छाया रहा। चौक-चौराहों में बड़ी संख्या में भंडारे का आयोजन किया गया था। सुबह से देर शाम तक यह क्रम चलता रहा।

# संकटमोचन की शरण में शहर...



ड्रोन फोटो : भूपेश जांगड़े

- सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की गूंज
- दिनभर चलता रहा भंडारे का दौर

हनुमान मंदिर, गुढ़ियारी

**रायपुर।** मंदिरों में सुबह 5 बजे से हनुमानजी का चमेली के तेल, सिंदूर व लाल वस्त्रों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके पश्चात आरती और हनुमान चालिसा से मंदिर परिसर गूंज उठे। सुबह से हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ और श्रृंगार दर्शन करने मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी थी। चारों दिशाओं में हनुमान जंयती का उत्साह देखने को मिला। शाम के वक्त जगह-जगह पर शोभायात्रा निकाली गई। आकर्षक झांकी के साथ डीजे की धुन में भक्तगण भगवान की भक्ति में डूबे नजर आए। हनुमान की लीलाओं से संबंधित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।



## तेल, सिंदूर व लाल वस्त्रों से विशेष श्रृंगार

गुढ़ियारी मच्छी तालाब स्थित हनुमान मंदिर में भगवान का तेल, सिंदूर व लाल वस्त्रों से विशेष श्रृंगार किया गया। पुरानी बस्ती स्थित बावली हनुमान मंदिर में परंपरा अनुसार दुग्धाभिषेक किया। मंदिर में विधिवत श्रृंगार किए जाने के बाद महाआरती हुई। मंदिर में भगवान के दर्शन करने सुबह 6 बजे से भक्त पहुंचने लगे थे। भक्तों के लिए भंडारा आयोजन किया गया।



सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य झांकी और शोभायात्रा निकाली गई। लाखे नगर, सुंदर नगर, फूल चौक, गुढ़ियारी आदि इलाकों से शोभायात्रा निकली।



**151 थालियों से महाआरती, फूल और फूलों से सजा मंदिर :** लाभांडी स्थित सालासर बालाजी मंदिर में हनुमान जी को सवामणी भोग चढ़ाया गया। अध्यक्ष सुरेश गोयल, कार्यक्रम प्रभारी ईश्वर प्रसाद व कर्तव्य अग्रवाल ने बताया, सुबह सर्वप्रथम 51 किलो दूध से दुधाभिषेक किया गया। प्रथम पाली में भजनों की प्रस्तुति अलका सरवागी मूफ द्वारा दी गई। दोपहर 3:30 बजे संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन हजारों भक्तों द्वारा किया गया। शाम को 151 थालियों संग महाआरती हुई। संध्या समय भजन गायक लल्लू महाराज द्वारा भजनों की प्रस्तुति झांकी संग दी गई। हजारों भक्तों ने रात को महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर परिषद को फलों से सजाया गया था। मंदिर के गर्भगृह का श्रृंगार फलों से किया गया था। केला, आम, अनार, अंगूर, तरबूज आदि फलों से सजावट की गई थी।

## 101 किलो दूध से अभिषेक

गुढ़ियारी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में सुबह मंदिर खुलने के साथ 101 किलो दूध से भगवान का अभिषेक किया गया। इसके साथ ही सुबह हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई। हनुमान चालीसा का पाठ करने देर रात तक भक्तगण पहुंचते रहे। देर रात तक यहां मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा की चौपाइयां गूंजती रही। राजेंद्र नगर स्थित श्मशान काली मंदिर में भी विशेष पूजा की गई।

## यहां भी आयोजन


- बूढ़ापारा स्थित महामृत्युंजय वीर हनुमान मंदिर में सुबह पांच बजे आरती की गई। समता व कचहरी चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।
- **जैतूसाव मठ :** सुबह दुग्धाभिषेक के बाद भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया। भक्तों ने सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया।
- **संकटमोचन मंदिर, समता कालोनी :** सुबह दुग्धाभिषेक व श्रृंगार के बाद महाआरती की गई। दिन में अखंड रामायण का पाठ हुआ।
- **दूधाधारी मठ :** सुबह 6 बजे मंत्रोच्चार के साथ भगवान की पूजा-अर्चना व श्रृंगार क्रम पूरा होने के बाद मंदिर भक्तों की उपस्थिति के बीच महाआरती हुई।



बढ़ईपारा झांकी



सालासार बालाजी



राठौड़ चौक



## 10 हजार भक्तों ने भंडारा में किया भोजन

स्टेशन स्थित सर्वधर्म संकट मोचन मंदिर श्रद्धालुओं ने 11, 21, 51 और 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान सांसद सुनील सोनी व विधायक मोतीलाल साहू ने भंडारा में भक्तों को भोजन खिलाया। समिति के अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया भगवान का अभिषेक व श्रृंगार कर दोपहर 12 बजे महाआरती की गई। एक बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। सुबह विधिवत पूजा के बाद दिनभर में 10 हजार से अधिक भक्तों ने भंडारा में भोजन ग्रहण किया।

## महादेव घाट में पूर्णिमा महाआरती में उमड़ी भीड़

हनुमान जयंती और पूर्णिमा के अवसर पर करणी सेना के प्रदेशाध्यक्ष तथा खारुन गंगा महाआरती जनसेवा समिति के वीरेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में 6 पुरोहितों द्वारा बनारस की तर्ज पर महादेव घाट में महाआरती की गई। इसमें 500 से अधिक भक्तशामिल हुए। गोंदवारा स्थित हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने निशुल्क भोजन किया। मंदिर समिति द्वारा इससे पूर्व भगवान श्रीरामभक्त हनुमानजी महाराज की प्रतिमा पर विधिवत पूजा-अर्चना और हवन भी किया गया।

## रामरक्षा स्त्रोत का पाठ

तात्यापारा चौक स्थित हनुमान मंदिर में महाराष्ट्र मंडल की ओर से रामरक्षा स्त्रोतऔर हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। सैकड़ों श्रद्धालु ने हाथों पर दीया देकर महाआरती की। श्री साईं दर्शन आवासीय समिति





जोरा में महापर्व हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। प्रभु श्रीहनुमान का प्राकट्य दिवस समस्त कॉलोनीवासियों ने धूमधाम से मनाया। कॉलोनीवासियों ने भाव-विभोर होकर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया और मंगल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में यह कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर कॉलोनी समिति के समस्त पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं विशेष आमंत्रित सदस्य भी उपस्थित रहे और अपनी सहभागिता निभाई।

## आरती के बाद ब्राह्मण भोजन

बूढ़ेश्वर मंदिर स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में सुबह 4 बजे पूजा प्रारंभ हो गई थी। दूध, दही और पंचामृत से मंत्रोच्चार के साथ हनुमान जी का अभिषेक किया। सुबह 5 बजे जन्मोत्सव आरती हुई। पुजारी ने बताया, दोपहर 12 बजे भोग राग रखा गया था। आरती के बाद ब्राह्मण भोजन, साधू भोज के साथ संत, महंत सभी को भोजन कराया गया। भक्तों को प्रसाद वितरण किया। मंदिर में भक्तों ने भगवान हनुमान का पाठ किया। पवन पुत्र का विशेष श्रृंगार किया गया।



राठौड़ चौक





हनुमान मंदिर, गुढ़ियारी

## कैंपस लाइव

# शिक्षकों ने सीखी पेंसिल शेडिंग पोस्टर आर्ट की जानी बारीकी



**रायपुर।** वर्धमान स्कूल में पेंसिल एवं पोस्टर आर्ट प्रशिक्षण देने विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया गया। सात दिवसीय यह वर्कशॉप विद्यालय के शिक्षकों के लिए प्रारंभ की गई। जग्गी आर्ट स्टूडियो के संचालक और झांसी स्थित मणिकर्णिका आर्ट गैलरी से अखिल भारतीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त आर्टिस्ट हरीश जग्गी द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल के संचालक विजय चोपड़ा ने बताया, वर्कशॉप आयोजित करने का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कला का प्रचार करना है। इसका सबसे अच्छा माध्यम शिक्षक है। यदि कला को शौक के रूप में अपनाया जाए, तो यह आज के भागदौड़ भरे जीवन में सुकून के दो पल देगा। जब व्यक्ति कला को प्रोफेशनल तौर पर अपनाए तो जीवन यापन का यह अच्छा साधन बन सकता है।

### छात्रों को सिखाएंगे कला

वर्कशॉप में आर्टिस्ट हरीश जग्गी द्वारा पेंसिल आर्ट और पोस्टर आर्ट से संबंधित पेंसिल शेडिंग, लाइन शेडिंग, ऑब्जेक्ट शेडिंग, चारकोल शेडिंग, टिश्यू पेपर शेडिंग, सॉफ्ट रबर, इरेजर व पेंसिल के उपयोग की जानकारी दी गई। इस दौरान विद्यालय के सभी शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के बाद शिक्षकों द्वारा इन कलाओं का प्रशिक्षण अपने छात्रों को दिया जाएगा। शिक्षकों द्वारा पेंसिल आर्ट का प्रशिक्षण लेने के बाद इससे संबंधित चित्र भी वर्कशॉप में बनाए गए।

## सिटी इवेंट

# प्रकृति को संतुलित रखने पोस्टर के जरिए संदेश



**रायपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 13 विद्यालय के 200 विद्यार्थी शामिल हुए। शहीद संजय यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यह प्रतियोगिता रखी गई। छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल एवं इको क्लब की सहभागिता से यह आयोजन हुआ। चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही सीड बाल और कपड़े की थैली का वितरण किया गया। वितरण कार्य में शिक्षकों के साथ छात्रों ने भी सहयोग दिया। 'मिशन लाइफ' के तहत प्रकृति को संतुलित रखने के लिए शपथ ली गई। छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा सकने वाले कार्यों के लिए प्रेरित किया गया।

### सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन कर बचा सकते हैं पर्यावरण

छात्रों को इस दौरान बताया गया कि किस तरह से सामाजिक व्यवहार परिवर्तन कर पानी, बिजली, पर्यावरण को बचा सकते हैं। इससे संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। अर्थ डे के साथ ही मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्वीप नोडल अधिकारी सुनीता चंसोरिया द्वारा मतदान शपथ दिलाई गई। शहीद संजय यादव विद्यालय की प्राचार्या शुभा तिवारी, पर्यावरण संरक्षण मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री सावंत, नेहरू युवा केंद्र के जिला अधिकारी अर्पित तिवारी, दानी स्कूल के प्राचार्य डॉ.हितेश दीवान सहित 13 विद्यालयों के 80 शिक्षक उपस्थित रहे।

## एजूकेशन अपडेट

# उद्योग विशेषज्ञ देंगे विद्यार्थियों को कॅरियर टिप्स, बताएंगे नया ट्रेंड

**रायपुर।** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) द्वारा मंगलवार को डिस्टिंग्विश्ड प्रोफेशनल स्कीम (डीपीएस) का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य उद्योग जगत, संस्थानों और रिसर्च लैब के विशेषज्ञों का एक समूह तैयार करना है ताकि उनके डोमेन के भीतर उच्च योग्यता रखने वाले और प्रतिष्ठित पेशेवरों को शामिल किया जा सके। इस योजना का लक्ष्य एआईसीटीई अप्रूव्ड संस्थानों के छात्रों और संकाय सदस्यों को लेक्चर और सेमिनार आदि के माध्यम से प्रेरित व प्रोत्साहित करना है। यह योजना छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने, उद्योग जगत के साथ अच्छे संबंधों एवं अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने, स्टार्टअप और उद्यमिता का समर्थन करने और भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) को मजबूत करने के लिए बनाई गई है।

### देनी होगी फीडबैड और रिपोर्ट

एआईसीटीई ने कहा कि यह आदान-प्रदान न केवल छात्रों की उद्योग जगत की जरूरतों की समझ को समृद्ध करेगा, बल्कि संकाय सदस्यों की शिक्षण क्षमताओं को भी बढ़ाएगा। पंजीकरण कराने के लिए इच्छुक के लिए यह अनिवार्य है कि उन्होंने अपने संबंधित क्षेत्रों में समाज के लिए अद्वितीय तकनीकी या पेशेवर योगदान दिया हो। उनको अनुसंधान, प्रौद्योगिकी विकास, नवाचार और ब्यूरोक्रेसी के क्षेत्र में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए। मेजबान संस्थान अनुमोदित पैनल से विशिष्ट पेशेवरों का अनुरोध करने के लिए एआईसीटीई डीपीएस पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। हर सेशन के बाद संस्थान को निर्धारित प्रारूप में एक रिपोर्ट और फीडबैक देना भी अनिवार्य है।

## ● रविवि : विशेषज्ञों ने दिए स्टार्टअप टिप्स, शुरु हुए आइडियाथॉन के लिए आवेदन

# अपनी आस-पास की समस्याओं से लें बिजनेस के लिए प्रेरणा ग्राहकों के अनुसार तैयार करें बिजनेस मॉडल और प्रोडक्ट

यदि आप अपना बिजनेस शुरू करने के बारे में विचार कर रहे हैं तो अपने आस-पास की समस्याओं से आपको प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने चारों तरफ की समस्याओं को देखें, उनका समाधान ढूंढें और उसे बिजनेस के रूप में पेश करें। ये बातें विशेषज्ञों ने रविवि छात्रों को मंगलवार को बताई।




### इनोवेटिव आइडियाज को लाएंगे सामने

*रविवि प्रबंधन ने कहा, इस अयोजन का मुख्य उद्देश्य स्टार्टअप और इनोवेशन को बढ़ावा देना है। इसके माध्यम से यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए अपने स्टार्टअप और इनोवेटिव आइडिया को सामने लाने के लिए मंच दिया जा रहा है। स्टार्टअप कैसे स्टार्ट करें, इसे ध्यान में रखते हुए वर्कशॉप का प्रोग्राम का अयोजन किया गया है। इसके साथ ही आइडियाथॉन के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। छात्रों को इसमें हिस्सा लेने के लिए गूगल फॉर्म भरना होगा।*

**रायपुर।** शॉर्क टैंक की तर्ज पर रविवि द्वारा छात्रों के लिए बिजनेस मॉडल स्पर्धा रखी जा रही है। आइडियाथॉन के अंतर्गत छात्रों को अपने बिजनेस मॉडल पेश करने होंगे। इसके पहले रविवि द्वारा विशेषज्ञों की एक वार्ता रखी गई। इसमें छात्रों को बताया गया कि किस तरह से वे अपने बिजनेस आइडियाज को मूर्त रूप दे सकते हैं। रविवि के इंस्टिट्यूट इनोवेशन कॉउंसिल और सेक्शन-8 कंपनी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय वर्कशॉप का बुधवार को आखिरी दिन है। मंगलवार को विषय विशेषज्ञ के रूप में एनआईटी निदेशक प्रो.रमन्ना राव तथा प्रोफेसर समीर बाजपाई रहे। रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानन्द शुक्ला सहित डॉ.अनुज शुक्ला, डॉ.हनी दुर्गा प्रसाद तिवारी, डॉ.शशांक जाखोडिया, डॉ.कविता ठाकुर भी वर्कशॉप में उपस्थित रहे और छात्रों को व्यवसाय संबंधित जानकारी दी।

### तीन दोस्तों ने शुरू की थी 'ओयो', इससे सीखें छात्र

डॉ. एनवी रमना ने स्टार्टअप के लिए वित्तीय रूप से किन-किन तरीकों को अपनाया जाता है, एक स्टार्टअप को स्टार्ट करने में क्या समस्याएं आती हैं और उन्हें किस प्रकार हल किया जा सकता है, इस पर चर्चा की। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि किस प्रकार अपने आस-पास उत्पन हो रही समस्याओं को देखकर उनसे स्टार्टअप की प्रेरणा ली जा सकती है। उन्होंने कहा, असफलता से कभी डरना नहीं चाहिए, क्योंकि असफलता ही हमें बहुत कुछ सीखाता है। डॉ. समीर बाजपाई ने ओला, उबर और अमेजन का उदारहण दिया और युवाओं को स्टार्टअप के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से तीन दोस्तों ने ओयो स्टार्ट किया। इसका उदाहरण देकर छात्रों को व्यवसाय के लिए प्रेरित किया।

### भारत में है स्टार्टअप की जरूरत



डॉ.अनुज कुमार शुक्ला ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर चर्चा करते हुए बताया कि हमें इंडिया में स्टार्टअप की जरूरत क्यों है? युवाओं में स्टार्टअप के प्रति जागरूकता का उद्देश्य क्या है? उन्होंने अपनी बातों को समझाने के लिए मार्स मिशन के प्रयासों को बताया। साथ ही समस्याओं और समाधानों पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया। डॉ.हनी दुर्गा प्रसाद तिवारी ने सभी विद्यार्थियों को स्टार्टअप से संबंधित वेबपेज बनाना और एप बनाने से संबंधित जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में उन्होंने बिजनेस मॉडल, बिजनेस स्टार्ट करने के उद्देश्य और बिजनेस के लिए किस प्रकार को जनता को टारगेट किया जाना चाहिए, इसके बारे में भारत के बिजनेस मॉडल के उदाहरणों से बताया।

### पहला चरण ऑनलाइन दूसरा होगा ऑफलाइन

इसके साथ ही आइडियाथॉन का ब्रोशर रिलीज किया गया है। इसमें दो चरणों में आइडियाज को जज किया जाएगा। प्रथम चरण में ऑनलाइन माध्यम से आइडिया को लिया जाएगा। इसमें से टॉप आइडियाज का ऑफलाइन इंटरव्यू लिया जाएगा। टॉप-5 सक्सेस आइडियाज को विश्वविद्यालय सपोर्ट देगा। यह केवल यूनिवर्सिटी के छात्रों के लिए है।

## प्रगति महाविद्यालय में कला एवं केश सज्जा प्रशिक्षण

# मौसम के अनुसार करें केश सज्जा कला सजावट में रखें रंगों का ध्यान

**रायपुर।** प्रगति कॉलेज में शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में छः दिवसीय कला एवं केश सज्जा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ के रुप में कॉलेज की ही प्रोफेसर गीता सिंग और निवेदिता पण्डा उपस्थित रही। जिनके मार्गदर्शन से प्रतिभागियों को सिखाया गया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, सभी ने अपनी इच्छानुसार कलाएं सीखी। शिविर में छात्रों को अपनी पसंद की कलाएं चुनने का विकल्प दिया गया था। अधिकतर छात्राओं ने केश सज्जा का विकल्प चुना। दोनों ही कलाओं में पारंगत शिक्षकों द्वारा इससे संबंधित बारीकियां सिखाई गईं। छात्राओं ने भी इसे ना केवल पूरे मनोयोग के साथ सीखा, बल्कि इससे जुड़े सवाल भी प्रशिक्षण प्रदान कर रहे शिक्षकों से पूछे। विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें कला के क्षेत्र में नया प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।



### ब्रश का चुनाव है महत्वपूर्ण

कला प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्राओं को कपड़े में की जाने वाली पेंटिंग की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी कपड़े पर पेंटिंग करने के दौरान रंगों के कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना जरूरी होता है। ब्रश का सही चुनाव भी जरूरी होता है। इसके अलावा जो कलाकृति कपड़ों पर उकेरी जानी है, उसे भी सही तरीके से कार्बन की मदद से प्रिंट करना चाहिए, ताकि पेंटिंग करते वक्त दिक्कतें ना आएं।

### फूलों के प्रति रुझान

मौजूदा प्रतिभागियों में फूलों के पेंटिग के प्रति रुझान देखने को मिला। प्रशिक्षकों ने कपड़ों के अलावा क्ले और आभूषणों में पेंटिंग की जानकारी दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पढ़ाई के साथ विभिन्न कलाओं में कौशल विकास करना रहा। प्रशिक्षण शिविर के दौरान पेंटिंग की कक्षा में सबसे अधिक छात्रों की संख्या देखने को मिली, सभी ने अपने मनपसंद चित्र बनाए। आयोजन के दौरान प्राचार्य डॉ.सौम्या नैयर, शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.केएन गजपाल, ज्योति ठाकुर, डॉ.मनीषा जैन, गुंजन शर्मा, पूजा साहू, स्वलेहा निसा मुख्य रुप से उपस्थित रही।

## इंटर्नशिप के बाद लिया गया एप्टिट्यूड टेस्ट

# जर्मन कंपनी में टेक्नोलॉजी एनालिसिस करेंगे एनआईटी स्टूडेंट्स, 20 लाख का पैकेज

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग से स्मिता प्रजापति, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से लावन्या बघेल, मिलिंद अग्रवाल, उदिशा सिंह, अलीम अहमद शेख और चिराग सिंघल को प्रमुख मल्टीनेशनल इन्वेस्टमेंट और फाइनेंस सर्विस देने वाली जर्मन कंपनी डॉयचे बैंक प्राइवेट लिमिटेड ने टेक्नोलॉजी एनालिस्ट पद के लिए 19.63 लाख सीटीसी का प्री प्लेसमेंट ऑफर दिया है।

डॉयचे बैंक द्वारा इंटर्नशिप प्रक्रिया के दौरान एक एप्टिट्यूड टेस्ट लिया गया, जिसमें 2 डीएसए प्रश्न और 10 एमसीक्यू शामिल रहा। जिससे सैद्धांतिक विषयों और प्रोग्रामिंग कौशल का परीक्षण हुआ। जिसके पश्चात तकनीकी अवधारणाओं का आकलन करते हुए 15-20 छात्रों को अगले साक्षात्कार के लिए चयन किया गया। यह प्रक्रिया प्रोफेशनल फिटनेस राउंड के साथ जारी रही, जिसमें छात्रों की पेशेवर और कॉर्पोरेट दुनिया में फिट होने की क्षमता का आकलन किया गया।

### कम्यूनिकेशन स्किल्स पर फोकस



कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग की लावण्या बघेल ने बताया, चतुर्थ सेमेस्टर से डेटा स्ट्रक्चर्स एंड एल्गोरिदम का लगातार अभ्यास करती ही। डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम्स और ऑपरेटिंग सिस्टम्स जैसे विषयों का भी अध्ययन किया। इंटरव्यू के लिए प्रभावी कम्यूनिकेशन स्किल्स पर जोर दिया। डीबीएमएस, ओएस, डीएसए विषय की तैयारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग किया।

### निरंतर प्रयास और धैर्य जरूरी



कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग से मिलिंद अग्रवाल ने कहा, सी प्लस-प्लस में कोडिंग के साथ वेब डेवलपमेंट में प्रोजेक्ट्स बनाने से शुरूआत की। पढ़ाई के दौरान निरंतर प्रयास और धैर्य जरुरी है। तैयारी के दौरान कॉम्पिटिटिव कोडिंग के लिए ऑनलाइन संसाधनों का उपयोग किया। कई बार कठिनाइयां आईं, लेकिन धैर्य के साथ मेहनत जारी रखी।

### इंटरव्यू के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग



*इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग की स्मिता प्रजापति ने बताया, कोर सब्जेक्ट्स में कई तरह की चुनौतियां आती हैं। एकेडमिक्स और स्किल डेवलपमेंट के बीच संतुलन बनाकर यह सफलता प्राप्त की। कंपनी को जिस तरह की आवश्यकता थी, उसके अनुसार इंटर्नशिप ड्राइव के दौरान एक कंपनी-ओरिएंटेड रणनीति तैयार की। साक्षात्कार की तैयारी के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म का उपयोग किया। ऑनलाइन कई तरह के वेबसाइट्स उपलब्ध हैं, जिनसे इंटरव्यू संबंधित चीजों की जानकारी हुई और मदद मिली।*

## पूर्णिमा के लिए मिलती है शरीर को अधिक ऊर्जा, संध्या ध्यान में शामिल हुए 200 से अधिक

कार्नर न्यूज


# सकारात्मक सोच से घटित होती है सकारात्मक घटना ध्यान के जरिए जुड़ सकते हैं चेतना के उच्चतम रुप से

**रायपुर।** चैत्र पूर्णिमा के खास अवसर पर विशेष संध्या ध्यान का आयोजन किया गया। प्राणिक हीलिंग सेंटर द्वारा मंगलवार को समता स्थित महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल महाविद्यालय प्रांगण में यह आयोजन किया गया। दो घंटे तक चले इस विशेष संध्या ध्यान में 200 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। संध्या ध्यान के दौरान स्कूली बच्चों संग बुजुर्गों में भी उत्साह देखा गया। सभी स्वेच्छा से शांति के लिए नई तकनीक सीखने शामिल हुए। सेंटर के सदस्य महेन्द्र अग्रवाल ने बताया, बीते वर्ष से इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस मौके पर द्वि-हृदय ध्यान पद्धति से लोगों के शरीर में ऊर्जा उत्पन्न की गई। इसके अंतर्गत पहले हृदय चक्र और फिर सहस्रार चक्र ध्यान कराया गया। इससे परमात्मा के होने का अहसास होता है। मानव शरीर में सातवां चक्र सहस्रार होता है। एक सक्रिय चक्र आपको अपनी चेतना के उच्चतम रुप से जोड़ने में मदद करता है। सहस्रार चक्र का स्थान सिर के शीर्ष पर है, यह दिव्यता का केंद्र है।



### पर्चे पर लिखी अपनी इच्छा





कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आस-पास व्यक्तियों में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा को हटाकर सकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न करना रहा। प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना ध्यान करने से लाभ होता है, जिससे वह अपने लक्ष्य की पहचाना कर सकता है। साथ ही सकारात्मक भाव में वृद्धि, लोगों के प्रति प्रेम, करुणा और सहानुभूति का भाव उत्पन्न होता है। पूर्णिमा के दिन शरीर को अधिक ऊर्जा मिलती है। इसलिए प्रत्येक साल सेंटर द्वारा पूर्णिमा पर ध्यान का आयोजन किया जाना है। इसके लिए 16 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आमंत्रित किया जाता है, जो ध्यान कर अपने जीवन संबंधित विभिन्न समस्याओं से दूर हो सकें। आयोजन के अंत में मौजूदा लोगों ने अपनी इच्छा एक पन्ने पर लिखी, जिसे एकत्र कर सेंटर ले जाया जाएगा।

### सकारात्मक विचार से कम होता है बीमारी का प्रभाव

महेन्द्र अग्रवाल ने बताया, जब कोई व्यक्ति अपने जीवन शैली में रोजाना मेडिटेशन के अपनाता है, तब विभिन्न लाभ देखने को मिलता है। यह दो प्रकार से हो सकता है, जिसमें शारीरिक और मानसिक दोनों लाभ को शामिल किया गया है। जिस व्यक्ति को बीपी, शुगर की समस्या हो वह यदि रोजाना ध्यान करे तो इसे कंट्रोल किया जा सकता है। ध्यान करने से आपके विचार सकारात्मक होते हैं और सकारात्मक विचार से किसी भी बीमारी का प्रभाव अधिक नहीं होता। मानसिक रुप से इसके विभिन्न लाभ हैं, जिसमें शांति, विचार में स्पष्टता, निर्णय लेने की क्षमता में बढ़ोत्तरी है। सकारात्मक सोच से सकारात्मक घटना होती है।

### गलत संगत से होती है दूरी

**संस्था सदस्यों ने कहा,** वर्तमान में 16 साल से अधिक आयु के स्कूली एवं कॉलेज सहित अन्य लोगों को ध्यान सीखाकर उनकी मदद की जा रही है। पढ़ाई के अधिक तनाव होने पर यदि कोई रोजाना ध्यान करे तो तनाव की ऊर्जा खत्म हो जाती है। साथ ही स्पष्टता, किस विषय को अधिक प्राथमिकता देना है इसका चयन, लक्ष्य के प्रति कार्य करने की इच्छा में बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है। जो व्यक्ति कार्य करता है, उनके लिए भी ध्यान लाभदायक है। इससे आप गलत संगत से दूर रहेंगे, साथ ही किस काम को कितना समय देना है, इसका चयन आप असानी से कर सकते हैं। रोजाना 30 मिनट के ध्यान से विभिन्न समस्याओं से दूर हो सकते हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की दोनों टीम रग्बी के क्वाटर फाइनल में



**रायपुर।** 67 वी राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता, रग्बी अंडर19 बालक/बालिका,पुणे,महाराष्ट्र में 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित है।मंगलवार को हुए मैच में छत्तीसगढ़ की बालक एवम बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अपने पूल में टॉप किया है। बालक वर्ग में छत्तीसगढ़ ने अपने पहले मैच में सी, बी,एस, सी, को 15-00 से हराया,दूसरे मैच में आंध्र प्रदेश को 29-00 से और तीसरे मैच में आई,पी,एस, सी, को 42-00 से हराकर पूल विजेता बनी। इसी प्रकार लड़कियों की टीम ने अपने पहले मैच में गुजरात के साथ ड्रा खेला,दूसरे मैच में तमिलनाडु को 10-05 से हराकर पूल विजेता बनी। क्वाटर फाइनल में बालक टीम का मुकाबला मध्यप्रदेश से वही बालिका टीम का मुकाबला आंध्रप्रदेश के साथ होगा।। टीम के दल प्रबंधक आलोक मिश्रा, कोच/मैनेजर मोहम्मद साहिबा,आबिद कुरैशी, अमित तिवारी और रूखमणी यदुवंशी है।

### कायाकिंग एडं कैनोइंग संघ ने चेयरमैन पद पर दी जवाबदारी

**रायपुर।** कायाकिंग एडं कैनोइंग के विभिन्न इवेंट्स के सुचारू रूप से संचालन व सभी इवेंट्स के लिए खिलाड़ी तैयार करने हेतु कार्यकारिणी



की बैठक आयोजित की गई उक्त बैठक में विभिन्न इवेंट्स के संचालन हेतु चेयरमैन पद पर नियुक्तियां की गई है। इनमें केनोए स्प्रिट अमरजीत छाबड़ा, केंस पोलो दिव्यम अग्रवाल, ड्रैगन बोट रेस रविंद्र सिंह और केनोए स्लेलोम डॉ. नवीन बाफना के नाम शामिल हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ के प्रेसिडेंट बलदेव सिंह भाटिया प्रेसिडेंट, वार्किंग प्रेसिडेंट रोहित काले, इण्डियन कायाकिंग एंड कैनोइंग संघ के सह सचिव प्रशांत सिंह रघुवंशी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### निसार बने स्ट्रांग मैन मास्टर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वाधान में रायपुर के दत्तात्रेय मंदिर में नेशनल और स्टेट पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमे मास्टर वर्ग में छत्तीसगढ़ के निसार अहमद को स्टेट और नेशनल में स्ट्रांग मैन मास्टर और छत्तीसगढ़ के संजीदा खातून को स्टेट व नेशनल में मास्टर वर्ग में स्ट्रांग वूमेन के खिताब से नवाजा गया। छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार ने बताया कि प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि संजय शर्मा वीर हनुमान सिंह अवॉर्डी और विशेष अतिथि प्रोटीन विला के डायरेक्टर दुर्गेश साहू ने किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक लखपति सिंदूर प्रीतपाल तांडी व प्रदीप क्षत्रिय थे समापन एवम पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि दत्तात्रेय मंदिर समिति के अध्यक्ष हरिवल्लभ अग्रवाल ने महिला खिलाड़ी को आकर्षक टी शर्ट के साथ मेडल और कैश अवार्ड से सम्मानित किया।

### मंथली लीग टेबल टेनिस 27 से

**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर द्वारा दिनांक 27 और 28 अप्रैल को स्व. ज्ञान चंद लुनिया स्मृति- प्रथम रायपुर जिला मंथली लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता - 2024₹ का आयोजन सप्रे



शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में किया जा रहा है । प्रतियोगिता एकल इवेंट्स में सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, सब जुनियर (अंडर-15) बालक एकल तथा सब जुनियर (अंडर-15) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 04 वर्गों में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में चारों वर्गों में प्रथम 08 स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पाइंट्स आबंटित किये जायेंगे तथा अंतिम लीग प्रतियोगिता के उपरांत वार्षिक परिणाम के पाइंट्स के आधार पर चारों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेता खिलाड़ियों को रनिंग ट्राफी पूर्ण रूप से प्रदान की जाएगी । प्रतियोगिता हेतु प्रविष्टि कि अंतिम तिथि 24 अप्रैल शाम 7बजे तक है। यह जानकारी राजधानी टेबल टेनिस संघ जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

गर्मियों में कैसे रखें सेहत का ख्याल, क्या करें-क्या नहीं? स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए सुझाव

# सूरज का पारा चढ़ रहा, ऐसे मौसम में रखें सेहत का खयाल

देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों भीषण गर्मी-लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। दिल्ली-एनसीआर में बढ़ती गर्मी को लेकर भी लोगों को अलर्ट किया गया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने से हीटस्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याओं का खतरा हो सकता है। इसके अलावा पहले से ही क्रोनिक बीमारियों जैसे ब्लड प्रेशर, हार्ट की समस्या और डायबिटीज रोगियों के लिए गर्मी का ये मौसम कई तरह की जटिलताओं को बढ़ाने वाला हो सकता है। डॉक्टर्स का सुझाव है कि गर्मी के दिनों में शरीर को हाइड्रेट और ठंडा बनाए रखने के लिए निरंतर उपाय करते रहना जरूरी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी इसके लिए सुझाव दिए हैं जिनका सभी को पालन करना चाहिए।



### 11 राज्यों में हीटवेव का बना हुआ है खतरा

रिपोर्ट के अनुसार देश के 11 राज्यों में हीटवेव का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा मध्यप्रदेश के 19 शहरों में पारा 40 डिग्री के पार बना हुआ है। गर्मा और इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव के लिए स्वास्थ्य मंत्रालय ने क्या करें-क्या नहीं? इसकी जानकारी साझा की है। भले ही आप स्वस्थ हों फिर भी निरंतर इन सुझावों का गंभीरता से पालन करते रहना चाहिए।

### गर्मी के कारण हो सकती है कई प्रकार की दिक्कतें

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया गर्मी और हीटवेव के कारण त्वचा की दिक्कतें बढ़ने के साथ शरीर का तापमान तेजी से बढ़ जाने, उल्टी-दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी-ऐंठन की समस्या के साथ लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। क्रोनिक बीमारी के शिकार लोगों को गर्मी के कारण जटिलताएं बढ़ सकती हैं। गर्मी के दिनों में पाचन स्वास्थ्य की गड़बड़ी, दस्त की दिक्कतें और अधिक हो सकती हैं इसलिए जरूरी है कि आप पहले से ही सुरक्षात्मक उपाय करते रहें।

### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें-क्या नहीं?

गर्मी और इसके कारण होने वाली समस्याओं से कैसे सुरक्षित रहा जा सकता है इसके लेकर स्वास्थ्य मंत्रालय ने सुझाव जारी किए हैं।

### गर्मी से बचाव के लिए क्या करें?

शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें। सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है। पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें। दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जानें से बचें।

### क्या न करें?

गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें। दोपहर के समय बाहर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें। शराब- कार्बोनेट ड्रिंक्स के सेवन से बचा जाना चाहिए। धूप के सीधे संपर्क में आने से बचा जाना चाहिए।





## थाली में नहीं, इन पत्तों पर ही लगाना चाहिए भगवान को भोग



भगवान के पूजा-पाठ में तमाम तरह की चीजों का उपयोग किया जाता है। उसमें से एक है प्रसाद चढ़ाने के लिए बर्तन या पत्तल। बता दें कि हिंदू धर्म में पत्तों पर भोग लगाने का विशेष महत्व है। आजकल लोग अपनी सहुलियत को देखते हुए प्लास्टिक के दोना-पत्तल में भोग लगाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है प्लास्टिक को शुद्ध नहीं माना गया है। इसलिए लोगों को प्लास्टिक की चीजों पर भोग नहीं लगाना चाहिए। बर्तनों में भोग लगाने से ज्यादा भगवान को पत्तलों में भोग ग्रहण करना ज्यादा प्रिय है। तो चलिए जानते है कि नियमित पूजन के दौरान हम भगवान को भोग लगाने के लिए किन पत्तों का उपयोग कर सकते हैं।

### केल के पत्ते में लगाएं भोग

केले के पेड़ में स्वयं भगवान विष्णु वास करते हैं। इसलिए इसके पत्ते में भोग लगाने से भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है। साथ ही यह भगवान विष्णु का प्रिय पेड़ है इसलिए केले के पत्ते में लगे भोग को भगवान प्रसन्नता से स्वीकार करते हैं। शास्त्रों के अनुसार केले के पत्ते में माता लक्ष्मी और भगवान विष्णु (भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए क्या करें) को भोग लगाने से हमेशा घर में अन्न का भंडार बना रहता है और घर में प्रेम मिठास भी बना रहता है। आप केले के पत्तों को काटकर उसपर भोग रखें और भगवान को अर्पित करें।

### पान के पत्ते में लगाएं भोग

पान के पत्ते का उपयोग पूजा पाठ में नवग्रह स्थापना करने से लेकर भगवान को बीड़ा बनाकर अर्पित करने तक, तमाम तरह की चीजों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बता दें कि भगवान को पान के पत्ते (पान के पत्ते का महत्व) पर लगे हुए भोग बहुत प्रिय है। समुद्र मंथन के दौरान जब अमृत कलश निकल रहा था तब, अमृत की कुछ बूंदें पान के पत्ते में टपक गई थी। इसलिए देवताओं को यह पत्ता बहुत प्रिय है और हमेशा पान के पत्तों में भोग अर्पित करना चाहिए।

### पलाश के पत्ते में लगाएं भोग

हिंदू धर्म में पलाश के पत्ते का खास महत्व है, पलाश का पुष्प देवी-देवताओं को चढ़ाने से भगवान की कृपा बनी रहती है। वहीं इसके पत्ते पर लगाया हुआ भोग स्वर्ण पात्र के समान माना गया है, इसलिए यदि उपलब्ध हो तब आप भी भगवान को पलाश के पत्ते में भोग रखकर अर्पित करें।

## गर्मियों में पराठा बनाते वक्त इन बातों का रखें ध्यान, दिन बन जाएगा खास



कई लोग सुबह नाश्ते में सिर्फ पराठे खाना पसंद करते हैं। मगर कई बार गर्मी इतना ज्यादा बढ़ जाती है कि पराठे कुछ ज्यादा हैवी हो जाते हैं। हालांकि, पराठे के पेट तो भर जाता है, लेकिन बाद में कई तरह की दिक्कत होने लगती है। माना यह एक हेल्दी ऑप्शन है, लेकिन इसे हर रोज खाना अच्छा नहीं माना जाता। अगर पराठे बनाते वक्त कुछ बातों का ध्यान रखा जाए, तो पराठे को हेल्दी बनाया जा सकता है। बता दें कि पराठा सेहत पर बुरा असर तब डालता है, जब इसृे गलत तरीके से बनाया जाता है।

### मैदा की जगह आटा करें इस्तेमाल

कई लोग पराठे बनाते वक्त मैदा का इस्तेमाल करते हैं। उन लोगों का मानना है कि मैदा डालने से पराठा क्रिस्पी बनेगा, लेकिन ऐसा नहीं है। मैदा थोड़ा हैवी होता है और देर से पचता भी है। साथ ही, यह पराठे को थोड़ा हैवी भी बनाने का काम करता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप मैदा का थोड़ा भी इस्तेमाल न करें। गेहूं के आटे से पराठे का आटा गूंथे और कुछ देर रखें। ऐसा करने से आपका पराठा बिल्कुल परफेक्ट बनेगा और हेल्दी भी रहेगा।

### पराठे में मौसमी सब्जियों को करें शामिल

पराठे को हेल्दी बनाने के लिए मौसमी सब्जियों को शामिल किया जा सकता है। सब्जियों को शामिल करने से पराठा न सिर्फ स्वादिष्ट बनेगा, बल्कि हेल्दी भी रहेगा। आप डिहाइड्रेशन से बचने के लिए खीरा और दूसरी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा, हरी सब्जियों को शामिल कर सकते हैं। हरी सब्जियों से पराठे को नया स्वाद मिलेगा, साथ ही आपको कई तरह के पोषक तत्व भी मिलेंगे। ऐसे में बहुत जरूरी है कि आप पराठे बनाते वक्त मौसमी सब्जियों को शामिल करें।

### पराठे बनाते वक्त घी का करें कम इस्तेमाल

एक्सपर्ट की मानें तो घी खाना सेहत को फायदा पहुंचाता है। लेकिन इसे बहुत अधिक मात्रा में नहीं खाना चाहिए। रोज लगभग 1 चम्मच घी खाने की सलाह दी जाती है। इससे ज्यादा घी हेल्थ के लिहाज से किसी भी तरह ठीक नहीं होता। ऐसे में अगर आप एक पराठे के लिए 2 चम्मच घी का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि आपको 2 पराठे बनाने में 4 चम्मच घी लग गया।



## जॉब नहीं लग रही तो इन फ्री फाइनेंस कोर्स का लें सहारा

क्या आप फाइनेंस के बारे में अधिक जानना चाहते हैं और अपने करियर को इसी सेक्टर में आगे बढ़ाना चाहते हैं? अगर हां, तो आपके लिए ये 3 मुफ्त फाइनेंस कोर्स एकदम सही साबित हो सकते हैं। ये पाठ्यक्रम आपको फाइनेंस की बुनियादी बातों से लेकर इंडस्ट्री लेवल तक सब कुछ सिखाएंगे। अगर आपको नौकरी नहीं मिल रही है, तो परेशान न हों, आप इन तीन फ्री फाइनेंस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं। येल विश्वविद्यालय द्वारा वित्तीय बाजारों पर कई मुफ्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाते हैं। ये फाइनेंशियल मार्केट, स्टॉक मार्केट, इंश्योरेंस कवर करती है।

भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर (आईआईएमबी) का बैंकिंग और वित्तीय बाजारों का परिचय पाठ्यक्रम, शिक्षार्थियों को बैंकिंग और वित्तीय बाजारों, संबंधित संस्थानों, तंत्रों और प्रक्रियाओं की गतिशीलता से परिचित कराता है। यह पाठ्यक्रम प्रोफेसर पीसी नारायण द्वारा पढ़ाया जाता है। यह उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो वित्तीय क्षेत्र के बारे में अपना ज्ञान बढ़ाना चाहते हैं।

### पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कैसे करें?

यह पाठ्यक्रम स्वयं मंच के माध्यम से पेश किया जाता है। स्वयं भारत सरकार की एक पहल है जो मुफ्त और अच्छी शिक्षा ऑनलाइन प्रदान करती है। पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए, आपको स्वयं वेबसाइट पर एक खाता बनाना होगा और फिर पाठ्यक्रम के लिए नामांकन करना होगा। भारतीय स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों की सुविधा प्रदान करता है जो कई प्रकार के विषयों को कवर करते हैं, जिनमें



व्यवसाय, प्रबंधन, वित्त, और प्रौद्योगिकी शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम व्यस्त पेशेवरों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं जो अपने ज्ञान और कौशल को विकसित करना चाहते हैं।

### आईएसबी ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन कैसे करें

आईएसबी ऑनलाइन प्रमाणन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने के लिए, आपको पहले आईएसबी वेबसाइट पर एक खाता बनाना होगा। एक बार जब आपके पास एक खाता हो जाता है, तो आप उपलब्ध पाठ्यक्रमों की सूची ब्राउज कर सकते हैं और आवेदन कर सकते हैं।

वित्त में काम करने के लिए एमबीए की ज़रूरत नहीं होती। हालांकि, यह क्षेत्र काफी प्रतिस्पर्धी है, खासकर शुरुआती स्तर पर, वित्त डिग्री की कमी की भरपाई के लिए प्रासंगिक प्रमाणपत्र और व्यावहारिक अनुभव हासिल करना जरूरी हो सकता है। इनकम टैक्स ऑफिसर, यूनिवर्सिटी प्रोफेसर, सरकारी डॉक्टर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, एक्सटर्नल अफेयर्स, मर्चेंट नेवी जैसी सरकारी नौकरियां अच्छी मानी जाती हैं। 12वीं के बाद आप तकनीशियन, टिकट कलेक्टर, सहायक लोको पायलट, स्टेशन मास्टर के रूप में काम कर सकते हैं।

### इन कोर्स के अलावा आप ये ध्यान रखें

अपने स्किल्स को डेवलप करने के लिए ऑनलाइन प्रोग्राम ले सकते हैं। ऐसे कई मुफ्त और सस्ते ऑनलाइन प्रोग्राम उपलब्ध हैं, जो आपको नए स्किल्स सीखने या मौजूदा स्किल्स में सुधार करने में मदद कर सकते हैं।

















फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

# बॉफ्टा 2025 की तैयारियां शुरू फैंस को सालभर रहेगा इंतजार



दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा के आगामी कार्यक्रम के आयोजन की तारीख की घोषणा कर दी गई है। 2024 में ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। अलग-अलग देशों में हर साल कई पुरस्कार समारोहों का आयोजन किया जाता है। ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन आर्ट्स यानी बाफ्टा भी इन्हीं प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक है। साल 2024 में यह समारोह लंदन में आयोजित हुआ था। वहीं, अब इसके अगले वर्ष के कार्यक्रम की तारीख का एलान कर दिया गया है। बाफ्टा ने पुष्टि की है कि 2025 का पुरस्कार समारोह रविवार 16 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस तारीख से यह साफ हो गया है कि समारोह ऑस्कर से दो सप्ताह पहले होगा। अगले साल अकादमी पुरस्कार (ऑस्कर) दो मार्च को दिए जाएंगे। इस बार भी बर्लिन फिल्म महोत्सव (13-23 फरवरी) के बीच में ही बाफ्टा पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। फिलहाल, इस कार्यक्रम को आयोजित करने वाले संगठन की ओर से समारोह के स्थान को लेकर कोई भी जानकारी नहीं दी गई है। 2024 में कार्यक्रम को लंदन के रॉयल फेस्टिवल हॉल में आयोजित किया गया था। 2024 का बाफ्टा पुरस्कार ऑस्कर से तीन सप्ताह पहले आयोजित किया गया था। इसमें, ओपेनहाइमर, पुअर थिंग्स और द जोन ऑफ इंटरेस्ट ने कई अवॉर्ड अपने नाम किए थे। बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम को लोगों ने देखा था। 2020 के बाद इस कार्यक्रम को सबसे अधिक व्यूअरशिप मिली थी। बीबीसी वन पर पुरस्कारों को राष्ट्रीय स्तर पर औसतन तीस लाख लोगों ने देखा था। बाफ्टा 2025 फिल्म पुरस्कारों के लिए पूर्ण समयरेखा और पात्रता का विवरण आने वाले महीनों में जारी किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

## टॉलीवुड

# 'कल्कि 2898 एडी' में अपराजेय अश्वत्थामा बन छाने आ रहे अमिताभ



नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। अब फिल्म से अमिताभ बच्चन के किरदार से पर्दा उठा दिया गया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है। नाग अश्विन की महाकाव्य विज्ञान-फाई डायस्टोपियन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के लिए फैंस के बीच उत्साह बढ़ रहा है। फिल्म में प्रभास, अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। अब, फिल्म के निर्माताओं ने अमिताभ बच्चन के किरदार का पहला लुक जारी कर दिया है, जो इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्म की रिलीज की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 21 सेकेंड के टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन से होती है, जो मिट्टी के कपड़े पहने हुए हैं, एक गुफा में बैठे हैं और एक शिव लिंग की पूजा कर रहे हैं। बैकग्राउंड में, शांत संगीत के बीच, एक बच्चे की आवाज सुनाई देती है जो उससे पूछ रहा है, 'क्या आप मर नहीं सकते? क्या आप दिव्य हैं? आप कौन हैं?' जैसे ही तनाव बढ़ता है, बच्चन की गहरी आवाज जोर देकर कहती है, 'प्राचीन काल से, मैं अवतार के आगमन की प्रतीक्षा कर रहा हूं। मैं गुरु द्रोण का पुत्र अश्वत्थामा हूं।' पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटन्स के बीच रविवार शाम के आईपीएल 2024 मैच की शुरुआत से पहले स्टार स्पोर्ट्स पर पहली झलक का अनावरण किया गया था। इससे पहले दिन में, निर्माताओं ने फर्स्ट लुक अनावरण कार्यक्रम के बारे में एक घोषणा पोस्टर भी जारी किया था। पोस्टर में बिग बी को पूरी तरह से कपड़े से ढके हुए और मास्क पहने हुए एक मंदिर जैसी संरचना के अंदर बैठे हुए दिखाया गया था।

कुछ महीने पहले, अश्विन ने महाकाव्य विज्ञान-कल्पना फिल्म के बारे में कुछ दिलचस्प खुलासे किए थे।

## छॉलीवुड

# 'कुख्यात' से इश्क लड़ाएंगी एक्टर और मॉडल तनु



तनु प्रधान कम समय में लगातार 13 फिल्मों में अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी है। उन्होंने 2019 में देवराज महंत के निर्देशन में बनी 'प्रेम मिलन' फिल्म से इस इंडस्ट्री में अपना कदम रखा। उसके बाद स्व. डायरेक्टर एजाज वारसी द्वारा निर्देशित छत्तीसगढी फिल्म 'दहाड' के अलावा 'दिल है तोर दिवाना', 'रंग रंगीले', 'संगी जनम जनम' और 'लूप लपाटा लाटा फांदा' सहित अन्य कई फिल्मों के साथ ही हिन्दी फिल्म 'एक जिंदगी तेरे नाम', 'चाहतें' और 'दिल से रूह तक' में काम कर चुकी है। छॉलीवुड के डायरेक्टर नीरज श्रीवास्तव के निर्देशन में बनने वाली छत्तीसगढी फिल्म 'कलकी', अभिषेक सिंह के निर्देशन में बनने वाली हिन्दी फिल्म 'श्री रामायण कथा' व 'सिया के राम' के साथ ही छॉलीवुड डायरेक्टर रमाकांत सोनी की फिल्म 'दिल देके देखो में' भी मुख्य भूमिका करने जा रही है। इन फिल्मों की शूटिंग भी शीघ्र ही शुरू होने जा रही है।

## वॉन गॉग का फैशन

लाइफ स्टाइल

दुनिया भर में अपनी पेंटिंग के चलते कालजयी हो चुके प्रख्यात पेंटर विंसेंट वॉन गो की कला अब फैशन डिजाइनरों को भी खूब भा रही है। पिछले दिनों डच फैशन हाउस विक्टर एंड रॉल्फ के स्प्रिंग समर कलेक्शन में विक्टर और रॉल्फ ने वॉन की पेंटिंग को आधार बना कर अपना कलेक्शन पेश किया। हाउते-कॉउचर संग्रह में विशाल 3 डी फूलों और स्ट्रॉ टोपी के साथ उतरे मॉडल को दर्शकों ने खूब पसंद किया।



# नाइट क्रीम में घी का करें इस्तेमाल, स्किन से जुड़ी समस्याएं होंगी कम



स्किन की केयर करने के महिलाएं कई सारे उपाय करती है साथ ही कई तरह के प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। इन चीजों का इस्तेमाल करने के बाद भी कई बार रिजल्ट आपकी इच्छा अनुसार नही आता है और स्किन से जुड़ी समस्या ज्यों की त्यों बनी रहती हैं। जहां दिन भर में स्किन की केयर करने के लिए महिलाएं कई सारे उपाय और प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं रात के समय स्किन की केयर करने में मामले में महिलाएं केयरलेस हो जाती हैं लेकिन स्किन की केयर रात में भी जरुरी हैं।

### स्किन के लिए फायदेमंद है घी

घी में कई सारे गुण पाए जाते हैं और ये सभी गुण सहते के साथ-साथ बालों और स्किन के लिए फायदेमंद हैं। घी में एंटीमाइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं और ये गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं। वहीं घी में फैटी एसिड्स होते हैं जो स्किन के लिए फायदेमंद है साथ ही घी में पाए जाने वाले कई सारे और गुण स्किन से जुड़ी समस्या को कम करने में मदद करते हैं।इसे भी पढ़ें :घर पर ही इन तीन तरीकों से बनाएं एंटी-फ्रिज हेयर सीरम

### नाइट क्रीम में करें घी का इस्तेमाल


रात के समय चेहरे पर घी लगाने से ड्राई स्किन से छुटकारा मिलता है और चेहरे के दाग धब्बे भी कम हो जाते हैं। वहीं रात के समय घी का इस्तेमाल करने से चेहरे की स्किन मुलायम और चमकदार भी होती हैं। वहीं स्किन को मॉइस्चराइज करने के लिए आप घी का इस्तेमाल किया जा सकता है साथ ही रात के समय घी लगाने से चेहरे की त्वचा ग्लो भी करेगी। रात के समय चेहरे पर स्किन लगाने से चेहरे पर रूखापन कम होता है साथ ही चेहरे से जुड़ी कई सारे समस्या भी कम होती है। घी का रात का समय इस्तेमाल करने से झुर्रियों से निजात पाया जा सकता है और आपकी त्वचा जवा नजर आएंगी। वहीं घी कटे-फटे होठों को ठीक करने में भी मदद करता है। घी को लिप बाम की तरह इस्तेमाल कर सकती हैं। वहीं अगर रात के समय में होंठों पर घी का इस्तेमाल करने से होंठ मुलायम भी होते हैं।

# समर सीजन में अपनाएं ग्रे कलर आउटफिट्स, खूब जमेगा रंग




समर में अक्सर हम ढीले-ढाले और पतले कपड़े से बने आउटफिट्स को स्टाइल करना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे हमें पसीना कम आता है साथ ही यह पहनने में भी कम्फर्टेबल रहते हैं। लेकिन इन्हें खरीदते समय जरूरी है कि आप आउटफिट के सही कलर को चूज करें, ताकि इन्हें पहनने के बाद आप कम्फ़र्टबल फील करें। ऐसे में आप ग्रे कलर के आउटफिट्स को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको डिजाइन और शेड दोनों मिल जाएंगे।

### टाई टी-शर्ट ड्रेस



अगर आप बाहर किसी पार्टी में या आउटटिंग के लिए जा रही हैं तो इसके लिए आप टाई टी-शर्ट ड्रेस को वियर कर सकती हैं। ग्रे कलर लाइट कलर के साथ-साथ कूल कलर भी होता है। इसलिए समर सीजन में सबसे ज्यादा पहना जाता है। आप इसके साथ चाहें तो ज्वेलरी और कुछ ट्रेंड एक्सेसरीज को एड कर सकती हैं, जिससे आउटफिट अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको टी-शर्ट वाले कपड़े में भी मिल जाएगी। साथ ही आप चाहें तो इसे जॉर्जेट फैब्रिक में खरीद सकती हैं। इसके लिए आपको बाजार में 250 से 500 रुपये खर्च करने पड़ेंगे।

### जंपसूट करें वियर

आप समर सीजन में जंपसूट को भी वियर कर सकती हैं। इसमे आपको प्लेन और प्रिंटेड जंपसूट के डिजाइन मिल जाएंगे। जिसे आप पार्टी या नॉर्मल डे में भी पहन सकती हैं। ग्रे कलर अच्छा लगता है। इसलिए आप चाहें तो इसके साथ लाइट ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक अच्छा लगे। मार्केट में इस तरह के जंपसूट 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

# स्टाइल करें स्मार्ट फुटवियर, इस मौसम में हमेशा रहेंगी कम्फर्टेबल

हम जब भी कहीं जानें के लिए तैयार होते हैं तो सबसे पहले अपने लिए कपड़ों को सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक अच्छा लगता है। साथ ही हम चल रहे ट्रेंड को फॉलो कर पाते हैं। इसके बाद फिर हम मेकअप से अपने लुक को खूबसूरत बनाते हैं। लेकिन कुछ तभी पूरा होता है जब आप पैरों में सही तरीके के फुटवियर को स्टाइल करते हैं। जिन्हें पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहें। इंडियन आउटफिट के साथ पहनने वाले आउटफिट के बारे में हम आपको बताते हैं।



### शरारा के साथ पहनें स्ट्रैपी हील्स

शरारा आजकल काफी ट्रेंड में है इसलिए लड़कियां इसे शादी और नॉर्मल फंक्शन में पहनना भी पसंद करती हैं। लेकिन अक्सर इस बात को लेकर कंफ्यूज हो जाती हैं कि किस तरह की फुटवियर को सूट के साथ स्टाइल करें। आप इसके साथ स्ट्रैपी हील्स को वियर करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इसे पहनने से आपकी हाइट लंबी लगेगी। साथ ही आपका शरारा नीचे से गंदा भी नहीं होगा।

### चूड़ीदार सूट के साथ पहनें क्लोज टो सैंडल

चूड़ीदार सूट भी कई सारी लड़कियां पहनना पसंद करती हैं। अगर आपको भी ऐसे सूट पहनना पसंद है तो इसके साथ आप क्लोज टो वाले सैंडेल को वियर कर सकती हैं। इससे आपको मिलेगा एक बेलेंस लुक। इसमें आप ओपन टो वाली सैंडल भी ले सकती हैं और क्लोज वाली भी।

# मैट लिपस्टिक करती है होंठों को ड्राई? जानें सच्चाई

हैवी मेकअप चाहे हम रोजाना न करें, लेकिन लिपस्टिक को लगभग हम सभी रोजाना होंठों पर लगाते ही हैं। आमतौर पर इसके कलर को चुनने के लिए हम स्किन टोन को ध्यान में रखते हैं। वहीं इनमें आपको कई तरह के टेक्सचर भी देखने को मिल जाएंगे। टेक्सचर के अलावा एक मिथ यह भी मन में आता है कि क्या लिपस्टिक आपके होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाती है या यह केवल एक मिथ है? तो आइये जानते हैं इस कि मैट लिपस्टिक क्या सच में होंठों को ड्राई कर देती हैं-

### कितने तरह की होती है लिपस्टिक?

लिपस्टिक के कई प्रकार होते हैं। इनमें सबसे ज्यादा लिक्विड और क्रेयॉन को इस्तेमाल किया जाता है। इन 2 टेक्सचर के अलग-अलग फायदे और नुकसान भी होते हैं। लिक्विड की बात करें तो इनमें ऑयल की मात्रा कम होती है और यह क्रेयॉन के मुकाबले ज्यादा देर तक होंठों पर टिकी हुई रहती है। वहीं क्रेयॉन लिपस्टिक में कई प्रकार आपको देखने को मिलेंगे, जिनमें साटन मैट और मैट शामिल है। साटन मैट लिपस्टिक में काफी हल्की सी शाइन होती है और मैट में शाइन बिल्कुल भी नहीं होती है।



### किस तरह की लिपस्टिक कर सकती हैं होंठों को ड्राई?

होंठों की ड्राईनेस को बढ़ाने के लिए केवल लिपस्टिक नहीं, बल्कि लिपस्टिक को बनाते समय इस्तेमाल होने वाले केमिकल भी जिम्मेदार होते हैं। वहीं ज्यादातर मैट क्रेयॉन और और लिक्विड लिपस्टिक में ऑयल की मात्रा कम होती है, जिसके कारण होंठों पर कलर लम्बे समय तक टिका रहता है लेकिन यह होंठों की त्वचा को ड्राई करने का काम भी करता है।

कार्नर न्यूज

## रंगों और पैटर्न का ध्यान रखते हुए आप रह सकते हैं कूल-कूल

*अपने कपड़ों को लेकर हो सकता है कि आप चूजी कहलाते हों। हो सकता है कि आप महंगे कपड़े भी खूब खरीदते हों। इसके अलावा ये भी हो सकता है कि आप रंगों और पैटर्न का भी ध्यान रखते हों। लेकिन इतनी मेहनत के बाद क्या आपको ड्रेस वेल कभी भी बोला गया है? नहीं न। ऐसा इसलिए क्योंकि आपने ड्रेसिंग के बेहतरीन और जरूरी नियमों को इग्नोर कर दिया है।*

# आज की सोसायटी में 'ड्रेस वेल' रहना है तो जरूर अपनाएं कुछ अनूठे टिप्स



### 'ड्रेस वेल' कैसे कहलाएं ऐसे

बढ़िया ड्रेसिंग गैर डिजाइनर और सस्ते कपड़ों में भी की जा सकती है। लेकिन इसके लिए आपको कुछ टिप्स याद रखने होंगे-

### फिटिंग कैसी है

कपड़े सस्ते से ही हों लेकिन उनकी फिटिंग सही हो तो मानिए कि ये आप पर अच्छे लगेंगे ही। इसलिए सूट जैसे कपड़ों में तो खासतौर पर फिटिंग का ध्यान रखना जरूरी हो जाता है। सूट में तो कंधों की फिटिंग जांचना जरूरी होता है।

### घड़ियों में भी करें निवेश

घड़ी को हाथ के हिसाब से चुनें। ये न ज्यादा बड़ी हो और ना ही छोटी। इसलिए आप घड़ी बस सुंदरता या फिर दूसरों के स्टाइल को कॉपी करके न लें। ये अगर सही से चुनी जाए तो स्टाइल स्टेटमेंट बन जाएगी।

### रंग भी बनें स्टाइल



पुरुष आज भी कपड़े खरीदते हैं तो रंगों से दूर भागते हैं। उन्हें अपने लिए सफ़ेद, काले, भूरे और नीले जैसे रंग ही समझ आते हैं। लेकिन अब रंगों को पुरुषों की स्टाइल से भी जोड़ा जाता है, हो सकता है आप पर टिपिकल पुरुषों वाले रंग सूट ही न करते हों। जबकि हल्का गुलाबी, हल्के पीले जैसे रंग भी अपने स्टाइल में शामिल कीजिए और फिर देखिए आपका स्टाइल कैसे चमक उठता है।